हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- बुधवार को स्थगित काउंसिलिंग गुरुवार को हुई, थोक में शिकायतें
- मेरिट न्यायसंगत रूप से तैयार नहीं करने का आरोप, शिक्षकों में आक्रोश

## 22 बच्चों के लिए 4 शिक्षक फिर भी कोई अतिशेष नहीं! इधर... जांजगीर में बीईओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बुधवार को शिक्षकों के हंगामे और हाथापाई के बाद स्थगित हुई मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम की कांउसिलिंग गुरुवार को सुबह 11 बजे प्रारंभ की गई। प्राथमिक कक्षा के शिक्षकों और हाईस्कूल-हायरसेकंडरी कक्षा के शिक्षकों की काउंसिलिंग बुधवार को ही पूर्ण हो चुकी थी।

हरिभूमि फॉलोअप


युक्तियुक्त काउंसिलिंग पर जमकर हंगामा, सूची रद्द

माध्यमिक कक्षा के शिक्षकों की काउंसिलिंग गुरुवार को हुई। कलेक्टर के आदेश के बाद बुधवार की मेरिट लिस्ट रद्द करके नई सूची बनाई गई थी। नई मेरिट लिस्ट के आधार पर ही गुरुवार को काउंसिलिंग हुई, लेकिन इसके बाद भी शिक्षकों में आक्रोश रहा। इसमें कई तरह की त्रुटि रही। इसे लेकर कुछ शिक्षकों ने ऑनस्पॉट ही विरोध दर्ज किया तो शिक्षकों के एक वर्ग ने कलेक्टर और जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचकर लिखित में शिकायत की।

### सही सूची तैयार नहीं कर सके बीईओ, इसलिए निलंबन

स्कूल शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण संबंधी निर्देशों के पालन में लापरवाही बरतने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह, जिला जांजगीर-चांपा एमडी दीवान को निलंबित कर दिया गया है। बम्हनीडीह विकासखंड में पदस्थ अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन कर वरीयता सूची तैयार की जानी थी। जांजगीर-चांपा के जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कलेक्टर को दी गई रिपोर्ट में कहा गया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा तैयार की गई वरीयता सूची में अनियमितताएं पाई ⏭ शेष पेज 15 पर

**इस तरह के मामले...**

1. रायपुर जिले के अंतर्गत खरखराडीह गांव के शासकीय विद्यालय में 22 बच्चे और 4 टीचर हैं। यहां से किसी को भी अतिशेष सूची में नहीं रखा गया है।
2. शासकीय प्राथमिक शाला हसदा नंबर-2 में दर्ज संख्या 80 है। यहां शिक्षकों की संख्या 6 है, फिर भी किसी शिक्षक का तबादला नहीं किया गया।
3. शासकीय प्राथमिक शाला मानिकचींरी में छात्रों की संख्या 75 है। इन्हें पढ़ाने के लिए 4 शिक्षक पदस्थ हैं। इसके बाद भी यहां एक और शिक्षक को युक्तियुक्तकरण में भेज दिया गया है।
4. अभनपुर के ब्लॉक के अंतर्गत चटौद के विद्यालय में एक शिक्षक को अतिशेष बताकर निकाला गया। बाद में एक अन्य शिक्षक को यहीं रिक्त पद दर्शाते हुए पदस्थ कर दिया गया। जिस शिक्षक को अतिशेष बताकर उक्त विद्यालय से निकाला गया, वह दूसरे शिक्षक को पद वितरित किए जाने के दौरान वहीं थी। उन्होंने ऑन स्पॉट विरोध किया।

### 5वीं-8वीं की पूरक परीक्षाएं प्रारंभ, स्कूलों में अजब-गजब नजारे

# 2 छात्रों की पूरक परीक्षा लेने 3 शिक्षकों की ड्यूटी बच्चे चले गए 'नानी घर' तो पर्चे लेकर बैठा रहा स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पांचवी-आठवीं की पूरक परीक्षाएं गुरुवार से प्रारंभ हो गईं। पहले ये परीक्षाएं बुधवार से शुरू होनी थी, लेकिन युक्तियुक्तकरण संबंधित मामले में शिक्षकों की काउंसिलिंग को देखते हुए इसे एक दिन के लिए टाल दिया गया था। मुख्य परीक्षा के बाद जिले में पांचवी कक्षा में 1922 छात्र तथा आठवीं में 7637 छात्र पूरक श्रेणी में रखे गए। ये छात्र भी भिन्न-भिन्न विषयों में अनुत्तीर्ण हुए हैं। ऐसे में प्रति विषय पूरक छात्र की संख्या और अधिक कम हो गई। राजधानी के अधिकतर स्कूलों में अजब-गजब नजारे देखने को मिले। यहां छात्रों से अधिक शिक्षक रहे। कहीं 2 छात्रों के पीछे 3 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी तो कहीं बच्चे परीक्षा दिलाने ही नहीं पहुंचे।

गौरतलब है कि पांचवी की परीक्षा 17 मार्च से 27 मार्च तक तथा आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित की गई थी। इसमें पूरक आए छात्रों के लिए मई माह में विशेष कक्षाएं संचालित की गईं। इन छात्रों के परिणाम 15 जून से पूर्व घोषित किए जाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि लोक शिक्षक संचालनालय के आदेशानुसार जो विद्यार्थी पूरक परीक्षाओं में भी अनुत्तीर्ण रहते हैं, उन्हें भी अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

हरिभूमि लाइव



**ऐसे थे मुख्य परीक्षा के आंकड़ें**

**कक्षा- 8वीं**

| | |
|---|---|
| परिणाम | - 86.93 प्रतिशत |
| शामिल छात्र | - 29 हजार 911 |
| उत्तीर्ण छात्र | - 22 हजार 274 शेष पूरक श्रेणी में |

**कक्षा-5वीं**

| | |
|---|---|
| परिणाम | - 95.46 प्रतिशत |
| शामिल छात्र | - 26 हजार 152 |
| उत्तीर्ण छात्र | - 24 हजार 230 शेष पूरक श्रेणी में |



- अधिकतर स्कूलों में परीक्षार्थियों से अधिक रही शिक्षकों की संख्या
- 5वीं में 1922 तथा 8वीं में 7637 छात्रों को मिली है पूरक की पात्रता



**केस 01** शासकीय विद्यालय मठपुरैना में दो ही छात्रों को पूरक की पात्रता मिली थी। ये दोनों विद्यार्थी तय वक्त पर विद्यालय पहुंचे। वे उस वक्त हैरान रह गए, जब उन्होंने देखा कि सिर्फ उन दोनों की परीक्षा लेने कक्ष में तीन-तीन शिक्षक मौजूद हैं। कक्ष में मौजूद इन शिक्षकों के अलावा स्टाफ रूम में भी अन्य शिक्षक थे, जो परीक्षा संबंधित कागजी प्रक्रिया पूरी कर रहे थे।

**केस 02** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अश्विनी नगर में आठवीं कक्षा में हिंदी विषय में दो ही छात्र फेल हुए थे। इन्हें पूरक की श्रेणी में रखा गया। गुरुवार को आठवीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा थी। 8 बजे से शुरू होने वाली परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षक 7 बजे से ही पहुंच गए। निर्धारित समय तक भी जब छात्र नहीं आए और उनके रजिस्टर्ड फोन नंबर पर भी कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला तो शिक्षक उन छात्रों के घर ही गाड़ी लेकर उन्हें लेने पहुंचे तो मालूम चला कि वे नानी घर चले गए हैं। मायूस शिक्षक लौट आए और परीक्षा समाप्त होने तक शाला परिसर में ही बैठे रहे।

**केस 03** बैरनबाजार स्थित हिंदू हाई स्कूल में भी छात्र से ज्यादा शिक्षक रहे। यहां आठवीं की परीक्षा देने तीन छात्र पहुंचे। इनके लिए कक्ष में 2 शिक्षकों की ड्यूटी लगी। वे भी पूरी मुस्तैदी से परीक्षा समाप्त होने तक डटे रहे। कुछ अन्य शिक्षक स्टाफ रूम में एंट्री सहित अन्य कार्य करते रहे। छात्रों के लिए पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं भी स्टाफ ने पूर्ण रूप से कर रखी थी।

**केस 04** लालपुर स्थित शासकीय विद्यालय में पांचवी कक्षा के सिर्फ 3 छात्र ही पर्यावरण विषय में फेल हुए थे। इनके लिए पूरा स्टाफ सुबह से पहुंचा रहा। यहां व्यापम की प्रवेश परीक्षा का केंद्र भी बनाया गया था। पूरक परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी व्यापम की तैयारियों में जुट गए।

**केस 05** दानी गर्ल्स स्कूल में भी सिर्फ 7 छात्रों के लिए पूरक परीक्षा रखी गई। यहां कक्ष में एक-दो शिक्षक तथा स्टाफ रूप में आधा दर्जन से अधिक शिक्षक मौजूद रहे।

**केस 06** केस-6. रायपुरा, डगनिया सहित शहर के कई विद्यालयों में एक भी छात्र उन विषयों में फेल नहीं हुए थे, जिनकी परीक्षा गुरुवार को रखी गई थी। ऐसे में यहां सन्नाटा रहा। अपवादस्वरूप कई स्कूलों के परिणाम खराब भी रहे हैं। भाठागांव शासकीय विद्यालय में 71 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है। यहां मुख्य परीक्षा सा ही माहौल रहा।

**खबर संक्षेप**

### एसएसपी डॉ. सिंह ने साइबर यूनिट दफ्तर में लगाए पौधे



रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के गंज स्थित कार्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने संदेश दिया। इस अवसर पर एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते, एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, क्राइम डीएसपी संजय सिंह, पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन सहित क्राइम ब्रांच तथा पुलिस की टीम उपस्थित रही।

### जांच में तीन बदमाशों से चाकू बरामद, गिरफ्तार

रायपुर। खमतराई पुलिस बदमाशों पर सख्ती बरतने अभियान चलाकर अड्डेबाजी करने वालों की पहचान कर कार्रवाई कर रही है। चेंकिंग के दौरान पुलिस ने पंडरी निवासी सुरेश साहू, राजेंद्र नगर निवासी उदय कुमार सिंह तथा गुढ़ियारी निवासी डागेश्वर धीवर को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

## रंगदारी से करोड़ों का साम्राज्य खड़ा करने वाले तोमर बंधुओं पर शिकंजा, भतीजा भी आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मामूली अंडा ठेला से सूदखोरी के माध्यम से करोड़ों का अंपायर खड़े करने वाले वीरेंद्र तथा उसके भाई रोहित तोमर के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने दोनों भाइयों के साथ उसके भतीजे को भी आरोपी बनाते हुए उसकी गिरफ्तारी की है। पुलिस ने तोमर भाइयों के खिलाफ एक्सटार्सन सहित संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने की धारा जोड़ दी है। मारपीट की घटना के बाद रोहित तोमर के परिवार पर पुलिस को धमकाने का आरोप है। इसके बाद पुलिस ने सर्च वारंट हासिल कर दोनों भाइयों पर कानून का डंडा चलाया।

तोमर भाइयों ने ब्याज के नाम पर जिन लोगों को परेशान किया है, पीड़ित अब खुलकर सामने आने लगे हैं। पीड़ितों के बयान के आधार पर पुलिस ने वीरेंद्र तथा रोहित के भतीजा दिव्यांश तोमर को आरोपी बनाते हुए उसकी गिरफ्तारी की है। पुलिस अब ⏭ शेष पेज 15 पर

हरिभूमि फॉलोअप

**एक्सटार्सन सहित संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने की धारा दर्ज**



### सर्च वारंट लाने दी थी चुनौती

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले में पुलिस टीम पतासाजी करने रोहित के घर पहुंची, तो घर की महिलाएं तथा अन्य सदस्य जिसमें रोहित का भतीजा दिव्यांश ने पुलिस को बगैर सर्च वारंट बगैर तलाशी नहीं लेने देने चुनौती दी थी। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट से सर्च वारंट हासिल कर रोहित तोमर के निवास पर छापे की कार्रवाई करते हुए कैश, ज्वेलरी के साथ हथियार जब्त किए।

### बैंक ने की शिकायत

पुलिस ने रोहित, वीरेंद्र तोमर के निवास से लग्जरी कार बीएमडब्लू जब्त की है, उस कार को दोनों भाइयों ने यूको बैंक से फाइनेंस कराया था। ⏭ शेष पेज 15 पर

### चेक लेने के साथ औने-पौने दाम में कराई रजिस्ट्री

रायपुर तथा दुर्ग के तीन पीड़ित जयदीप बैनर्जी, नासिर बख्श तथा मनीष साहू ने शिकायत दर्ज कराई है कि तोमर भाइयों ने उनके परिजनों को दी गई उधार रकम के एवज में कोरे चेक पर हस्ताक्षर कराकर अपने पास रख लिए। इसके बाद मूल-ब्याज सहित रकम लौटाने के बाद भी दोनों भाई अपने गुर्गों के माध्यम से उन्हें डरा धमकाकर पैसा वसूल करने के साथ उनकी जमीन की औने-पौने दाम में रजिस्ट्री कराई। रजिस्ट्री नहीं कराने पर जेल भेजने की धमकी दी। पुलिस ने छापे के दौरान वीरेंद्र तथा रोहित के मकान से कई बैंक अकाउंट जब्त किए हैं। बैंक अकाउंट के बारे में पुलिस जानकारी ⏭ शेष पेज 15 पर

### रायपुर रेलमंडल में यात्रियों को मिनटों में मिल रही राहत

# सफर का साथी बना रेलवे का वॉर रूम,10 मिनट में ट्रेन में मिल रही दवा, दूध और दैनिक जरूरतों जैसी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अब ट्रेन में सफर के दौरान अगर बुखार हो जाए, सिर दर्द सताए या बच्चे को डायपर की ज़रूरत पड़े, तो घबराने की जरूरत नहीं। रायपुर रेल मंडल यात्रियों की मांग पर दैनिक जरूरतों से जुड़ी आवश्यक सामग्री पहुंचा रहा है। 'रेल मदद' ऐप और सोशल मीडिया के ज़रिए मांग करने पर रेलवे का वार रूम तुरंत हरकत में आता है। यही वजह है कि कम समय में यात्रियों को मदद मिल रही है। एक मैसेज और कॉल पर दवाएं से ⏭ शेष पेज 15 पर

### विशेष वस्तुओं के लिए यात्री कर रहे भुगतान



रेलवे द्वारा पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य सेवा को, दूसरी प्राथमिकता दूध व डायपर जैसी आवश्यक वस्तुओं को और तीसरी प्राथमिकता यात्रा में आवश्यक अन्य चीजों जैसे मोबाइल चार्जर, ईयरफोन आदि को दी जाती है। यात्री को सेवाओं के बदले भुगतान करना होता है। वस्तुओं के बिल पर लिखी राशि का भुगतान करना होता है। रेल मंडल यात्रियों को सफर के दौरान जरूरत की चीजें उपलब्ध करवाने के लिए लगातार निगरानी भी कर रहा है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर रेलवे सबसे ज्यादा अलर्ट रहता है। तीन माह में महिला यात्री और बच्चों से संबंधित चीजें, दूध, सैनिटरी नैपकिन, डायपर इत्यादि मांगे जाने पर पूर्ति की गई है। दिव्यांगों की मदद की भी सूचनाएं मिलीं रही है।

### सीट तक पहुंच रही सुविधा

एप सहित अन्य किसी भी माध्यम से सूचना मिलते ही ट्रेन की लोकेशन का पता किया जाता है। इसके बाद अगले स्टेशन तक सूचना पहुंचाई जाती है कि कोच विशेष में, अमुक सीट पर, इस पीएनआर पर यात्रा कर रहे यात्री को इस वस्तु की आवश्यकता है।अगले स्टेशन का स्टाफ तुरंत अलर्ट होता है और यात्री द्वारा चाही गई आवश्यक सेवा या वस्तु को जुटाता है। ट्रेन के पहुंचते ही टीम यात्री के पास पहुंचती है और उसे चाही गई सेवा या वस्तु दे दी जाती है।



# अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं हों, घर के आसपास ही अच्छा इलाज मिले : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दवाइयों की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि राज्य में आयुष के जरिए उपचार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं, इसे और विस्तारित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि आमजन के हित में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा है कि अस्पतालों में मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं हो और उन्हें अपने घर के आसपास ही अच्छा इलाज मिले।

## स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एनीमिया, मैटरनल प्रोग्राम और लेप्रोसी जैसी बीमारियों पर प्राथमिकता से काम किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम में देश में 5वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का और बेहतर विस्तार होता रहेगा। श्री जायसवाल ने राज्य सरकार के गठन के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गयी उपलब्धियों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं को भी मुख्यमंत्री के सामने रखा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा



### टीबी उपचार की सफलता 90 फीसदी

स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य टीबी और मलेरिया जैसी बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। टीबी उन्मूलन की दिशा में उपचार सफलता की दर 90 फीसदी है जबकि इस दौरान शत प्रतिशत टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। इसके साथ ही राज्य में मार्च 2025 तक टीकाकरण का 94 फीसदी लक्ष्य पूर्ण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत एवं मुकेश बंसल, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा एवं आयुक्त आयुष विभाग शिखा राजपूत तिवारी, प्रबंध संचालक एनएचएम एवं आयुक्त सह संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला, खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक दीपक अग्रवाल समेत स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### एमपी विस अध्यक्ष तोमर पहुंचे भाजपा नेता के घर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान गुरुवार को रायपुर आए मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भाजपा नेता आकाश विग के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। उनके साथ पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, पूर्व विस उपाध्यक्ष नारायण चंदेल और राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज भी यहां पहुंचे थे।

### शाह आज लेंगे बैठक, डिप्टी सीएम होंगे शामिल

**रायपुर।** दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक में शामिल होने डिप्टी सीएम विजय शर्मा दिल्ली गए हैं। वहां वे नक्सलियों के खिलाफ व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है उस बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने दिल्ली रवाना होने से पहले कहा, आज भी सीसी मेंबर को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर हुई बैठक पर उन्होंने कहा, सभी नोडल अधिकारियों को इस संबंध में दिशानिर्देश दिए गए हैं।

## राज्य सरकार देगी 10 एकड़ जमीन

# पुरखौती मुक्तांगन के सामने बनेगा कलाग्राम

## कलाकारों के सपनों का मंच होगा कलाग्राम : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर अटल नगर में पुरखौती मुक्तांगन के सामने भव्य एवं आकर्षक कलाग्राम की स्थापना होगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 10 एकड़ भूमि निःशुल्क दी जाएगी। यह निर्णय 4 जून को मुख्यमंत्री शविष्णु देव साय की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित महानदी मंत्रालय भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में कला, संस्कृति और शिल्प को प्रोत्साहन देना है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की मांग पर कलाग्राम के लिए नवा रायपुर के सेक्टर-24, ग्राम उपरवारा में लगभग 10 एकड़ भूमि निःशुल्क आबंटित किए जाने की मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि कलाग्राम की स्थापना छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला, संस्कृति और शिल्प को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि हमारे कलाकारों के सपनों का मंच होगा, जो उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और जीविका के अवसर प्राप्त करने में सहयोग करेगा। हमारी सरकार लोककला और हस्तशिल्प को आत्मनिर्भर भारत की भावना से जोड़कर उन्हें वैश्विक मंच देना चाहती है।





### केंद्र सरकार करेगी खर्च का वहन

यह कलाग्राम शिल्पकारों, लोक कलाकारों और परंपरागत कारीगरों के लिए एक समर्पित केंद्र होगा, जो सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा और रचनात्मक अर्थव्यवस्था के केन्द्र के रूप में कार्य करते हुए कला, संस्कृति एवं छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन करेगा। यह केंद्र निर्माण, संचालन एवं संरक्षण कार्यों सहित सभी खर्च भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा वहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा चिन्हांकित यह भूमि पुरखौती मुक्तांगन के सामने स्थित है, जो दो ओर से मुख्य मार्ग से जुड़ी हुई है तथा कलाग्राम के लिए उपयुक्त मानी गई है। चूंकि नवा रायपुर विकास प्राधिकरण एक स्ववित्त पोषित संस्था है, इसलिए राज्य शासन उक्त भूमि के प्रीमियम एवं भू-भाटक की प्रतिपूर्ति की राशि प्राधिकरण को भुगतान करेगा। यह निर्णय न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि को सुदृढ़ करेगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला को प्रदर्शित करने का एक स्थायी मंच भी प्रदान करेगा।

## टोल-फ्री नंबर और गूगल फॉर्म के माध्यम से आम जनता से भी सूचना प्राप्त की जाएगी : शर्मा

# हम प्रदेश को घुसपैठ का शिकार नहीं बनने देंगे डिप्टी सीएम ने की जिलेवार स्थिति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अवैध घुसपैठ के प्रकरणों पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने मंत्रालय में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के समस्त जिलों के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने जिलेवार स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा, केवल कुछ सीमावर्ती जिलों में ही नहीं, बल्कि समूचे प्रदेश में इस विषय को अत्यंत संवेदनशीलता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा, हम प्रदेश को घुसपैठ का शिकार नहीं बनने दे सकते। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को सिर्फ एक रूटीन ड्यूटी न समझते हुए इसे राष्ट्र और समाज की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत गंभीर उत्तरदायित्व मानकर पूरी निष्ठा से करें। उपमुख्यमंत्री ने घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाई में दुर्ग जिले में अच्छे कार्य के लिए उन्हें बधाई दी। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में जिलों में चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां सघन तलाशी अभियान



चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं पूछताछ और किरायेदारों के सत्यापन अभियान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

### दस्तावेजों के भरोसे निष्कर्ष पर न पहुंचें

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी कहा कि दस्तावेजों के भरोसे केवल निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि व्यक्ति की भाषा, उच्चारण, पारिवारिक जानकारी, गांव, स्कूल और स्थानीय संपर्कों के आधार पर उसकी वास्तविक पहचान की पुष्टि की जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाए गए पहचान को केवल दस्तावेज देख कर सत्य नहीं माना जा सकता। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल दस्तावेज जांच पर्याप्त नहीं है। इसके स्थान पर व्यक्ति की पारिवारिक, शैक्षणिक और सामाजिक पृष्ठभूमि की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। सभी जिलों से एक-एक मोबाइल निरीक्षण टीम गठित की जाए, जो मौके पर जाकर तत्काल जांच कर सके। उन्होंने कहा, पंचायत स्तर पर एक स्थायी रजिस्टर तैयार किया जाए, जिसमें छत्तीसगढ़ निर्माण के पूर्व से गांवों में निवासरत परिवारों की जानकारी संग्रहीत की जाए। इससे भविष्य में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच में मदद मिलेगी।

### गोवंश तस्करी संगठित अपराध

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गोवंश तस्करी जैसे गंभीर अपराध पर सख्ती से रोक लगाने के लिए सभी जिलों के नोडल अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में एसओपी के तहत अब तक की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की और भविष्य में अधिक प्रभावी रणनीति लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा, इस एक्ट को पुलिस को एक प्रभावी हथियार के रूप में उपयोग करना चाहिए, ताकि कार्रवाई में तेजी लाई जा सके।

## कांग्रेस का आरोप- 10 हजार से अधिक स्कूल बंद तथा 45 हजार शिक्षकों के पद होंगे समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। सरकार बनने के बाद 33000 शिक्षक भर्ती की घोषणा, इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गयी है अब 5000 शिक्षक भर्ती की घोषणा किये हैं, लेकिन यह शिक्षक भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिये 45000 शिक्षक पद समाप्त किये जा रहे हैं। जब पद ही खाली नही रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे? युक्तियुक्तकरण शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है। स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चौकीदार, भृत्य जैसे पद भी समाप्त होंगे। शराब दुकान खुल रहा है और स्कूल बंद हो रहा है।

### सोसाइटियों में पर्याप्त खाद-बीज नहीं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण सोसायटियों में अभी तक खाद, बीज पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पाया है। इस वर्ष डीएपी की 4.50 लाख मीट्रिक टन की जरूरत है, अभी सिर्फ 81 हजार मीट्रिक टन ही उपलब्ध है। मानसून की दस्तक हो चुकी है। अभी तक सोसायटियो में उर्वरक पहुंच जाने चाहिये, किसान चितिंत है। कांग्रेस सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपकर सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य बीज उपलब्ध करवाने की मांग करेगी।



## खबर संक्षेप

### दाई बबा दिवस पर जनपद सदस्य और सरपंच की मौजूदगी में हुआ विशेष कार्यक्रम

**तरपोंगी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरखूट में दाई बबा दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था प्रभारी पूनम सिंह एवं मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा एवं सरपंच यशोदा साहू तथा आयुष चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र जांगड़े की उपस्थिति में वृद्ध जनों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था से स्टाफ नर्स अन्नपूर्णा यादव, गीता साहू ,नवजोत यादव, दिनेश साहू, कौशिल्या साहू आदि उपस्थित थे। क्षेत्र के बलौदी, खैरखुंट, सुंगेरा, सगुनी आदि गांवो के वृद्ध जनों व उनके नाती पोते का सम्मान कर एवं स्वास्थ्य जांच किया गया।

### तिल्दा नेवरा में चावल वितरण ठप, नई मशीनों की कमी बनी बाधा

**तिल्दा नेवरा।** राज्य सरकार द्वारा 1 जून से 7 जून तक प्रदेश भर में चावल उत्सव मनाने की घोषणा की थी इस योजना के तहत राशन कार्ड धारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त तीनों महीने का राशन (चांवल) एक साथ वितरित किया जाना था, लेकिन तिल्दा नेवरा क्षेत्र में योजना की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। 5 जून निकल गया और आज 6 जून है लेकिन तिल्दा नेवरा में अब तक चांवल उत्सव की शुरुआत भी नहीं हो सकी है, कई राशन दुकानों में ताले लगे हुए हैं और हितग्राही राशन दुकानों के चक्कर काटने मजबूर हैं, लोगों का कहना है न तो राशन मिला है और न ही किसी अधिकारी से उन्हें इस संबंध में कोई संतोषजनक जानकारी मिल रह पा रही है। सरकार ने जब इस योजना की घोषणा की तो यह अपेक्षित था किसके लिए आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक तैयारी पहले से सुनिश्चित की जाएगी। लेकिन नई मशीनों की अनुपलब्धता और हितग्राहियों को जानकारी तक नहीं मिल पाना यह दर्शाता है की इस योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही बरती गई है। 1 से 7 जून तक चांवल उत्सव की घोषणा तो जोर-जोर से हुई। लेकिन यदि हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिला तो यह उत्सव नहीं बल्कि चिंता का कारण बनता दिख रहा है।

### दिवस : कटहल, करंज, नीम, आंवला, नींबू व गुलमोहर के पौधे रोपे गए

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶। तिल्दा नेवरा

सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायखेड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें कटहल, करंज, नीम, आंवला, नींबू, गुलमोहर आदि के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर स्थानीय सरपंच दिनेश वर्मा ,पूर्व माध्यमिक विद्यालय गैतरा के प्रधान पाठक तुलाराम वर्मा, संकुल समन्वयक तुलसी राम साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पेमेंद वर्मा, पंचगण, महिला समूह ,शिक्षकगण मनोज गिलहरे तकेश्वर नायक, महेन्द्र वर्मा, महिलांग, दीपा बघेल एवम कुछ छात्राये उपस्थित थे। वहीं एक पेड़ मां के नाम ग्राम ताराशिव निवासी तुलाराम वर्मा ने अपनी मां के नाम एक पेड़ बरगद का बंधवा तालाब पार में लगाकर अपनी स्वर्गीय माता को श्रद्धांजलि अर्पित किया। ग्राम पंचायत रायखेड़ा के विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय रायखेड़ा में भी वृक्षरोपण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत रायखेड़ा के सरपंच दिनेश वर्मा उपसरपंच भोज राम धीवर सचिव ललित वर्मा समस्त पंचगण ग्राम सभा उपाधयक्ष परमेन्द्र वर्मा एवं स्कूल के शिक्षकगण के साथ-साथ बिहान की महिला समुह के सदस्य, गांव के नागरिकगण भी मौजुद थे।



### श्री सत्य सांई संजीवनी अस्पताल में किया गया पौधारोपण

**आरंग।** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री सत्यसांई संजीवनी मदर एंड चाइल्ड अस्पताल की गर्भवती महिलाओं ने पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधे रोपने अपील किए। विश्व पर्यावरण दिवस पर यह संकल्प लेते हुए प्रकृति की गोद में है जीवन का बीज, मां की तरह, देती है हर चीज जागरूकता नारे लगाए। साथ ही संकल्प को दोहराते हुए कहा हम सिर्फ आज के दिन ही नहीं, बल्कि हर दिन पर्यावरण के प्रति सचेत रहेंगे। और भावी पीढ़ी को भी संदेश देंगे। वहीं हॉस्पिटल टीम ने कहा है पृथ्वी हमारी मां है और हमें अपनी मां की रक्षा अधिक से अधिक पौधा रोपण कर करनी चाहिए। पौधारोपण में श्री सत्यसांई संजीवनी मदर एंड चाइल्ड अस्पताल की स्टाफ की भी सहभागिता रही है।

### शहीदों को श्रद्धांजलि और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया





**मंदिर हसौद।** गुरु अमर दास मेला परिसर के पास स्थित तुलसी बस्ती में सरपंच सुरेश धीवर के नेतृत्व में बीते दिनों 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए 28 नागरिको को श्रद्धांजलि अर्पित किए, और वही भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर तैयार कर पाकिस्तान स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त कर जहां 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए, वही 5जून विश्व पर्यावरण दिवश के उपलक्ष्य में ग्राम तुलसी में पहलगाम में शहीद हुए देशवासियों की स्मृति में सिंदूर वाटिका के लिए जमीन सुरक्षित कर सैकड़ो वृक्षारोपण किए गए। जिसमें सरपंच सुरेश धीवर उपसरपंच टामेश बघेल पंचगण और ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। जहां सरपंच ने सभी पंचो एनजीओ सृष्टि संकल्प सेवा और ग्राम वासियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए सभी को पौधा लगाने और उसकी देख रेख परिवार के सदस्य के समान करने के लिए शपथ दिलाई।

### व्यापारियों ने पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**तिल्दा नेवरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तिल्दा के हेमू कलानी स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम पंजवानी एवं व्यापारी गण कन्हैया लाल जोतवानी व्यापारी संघ अध्यक्ष सुंदर लाल पंजवानी, भागचंद गंगवानी, दिनेश पंजवानी, प्रकाश जेठवानी, महेश केशरवानी समाज अध्यक्ष तिल्दा, सुधीर केसरवानी, जीतू रोहरा, मोहित पंजवानी, ओमप्रकाश लालवानी, मयंक कोडवानी राकी कमलानी नरेश जोतवानी, सोनू डोडवानी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर राम पंजवानी ने सभी व्यापारीयो से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। सभी ने मिलकर नीम, पीपल, डूमर के वृक्ष हेमू कलानी स्कूल में लगाया गया। अंत में राम पंजवानी ने यह भी कहा की सुंदर एवं सफल वृक्षारोपण ही आने वाले आपके एवं हमारे समय के लिए सुख दायक साबित होगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर उमरिया में पौधारोपण

**आरंग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत उमरिया में सत्य सनातन सन्नगठन के अध्यक्ष तेजराम निषाद, उपाध्यक्ष निकेश यादव, सागर, करन, अप्पू, सोनू, हेमराज, चंदन, बीरबल, पुष्पेंद्र, चंदु, ओमकार, युगेश, लोकेश मानिकपुरी, तामेश्वर मनीष व यशवंत भारती द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत समिति के सभी सदस्यों ने अपने-अपने घरों में फलदार और छायादार वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने न केवल पेड़ लगाए, बल्कि उनकी देखरेख और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी स्वयं ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वच्छ वायु सुनिश्चित करना और आने वाली पीढ़ियों को हरियाली से परिपूर्ण वातावरण देना था। वृक्षारोपण कार्यक्रम का विशेष आकर्षण गांव के तालाब पार क्षेत्र में रहा, जहां वृक्ष लगाकर उस स्थान को विश्राम स्थल के रूप में विकसित करने की शुरुआत की गई। इस स्थान पर झूले, बैठने की व्यवस्था और छायादार वातावरण तैयार किया जा रहा है ताकि बच्चों के खेलने, राहगीरों के विश्राम और गांववासियों के सुखद समय बिताने के लिए एक प्राकृतिक स्थल उपलब्ध हो सके। वृक्षों से तालाब की सुंदरता में भी वृद्धि होगी और आसपास का वातावरण अधिक स्वच्छ और शुद्ध बनेगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह पहल केवल एक दिन के लिए नहीं, बल्कि भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी। हर वर्ष अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, युवा स्वयंसेवक, महिलाएं और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और आने वाले समय में इस अभियान को और विस्तार देने का संकल्प लिया। सत्य सनातन समिति का यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, बल्कि यह समाज को सामूहिक जिम्मेदारी की भावना से जोड़ने का भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बन चुका है।

### उल्बा में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने किया पौधारोपण



**अभनपुर।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर उल्बा व अन्य स्थानों में छायादार एवं फलदार वृक्षो का रोपण किया गया। इस मौके पर 100 से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत सदस्य अन्नू तारक ने लोगों को संबोधित करते कहा पर्यावरण संरक्षण हमारा कर्तव्य है, वायुमंडल एवं पर्यावरण को संतुलित करने के लिए वृक्षारोपण एवं उनका देखभाल अत्यंत आवश्यक है। सरपंच नेहरू लाल साहू ने बताया कि पेड़ मृदा अपरदन रोकने, पर्यावरण को संतुलित करने एवं समय पर वर्षा करने में सहायक होता है। लोगों को पेड़ों का देखभाल अपने बच्चों की तरह करना चाहिए। जिसका परिणाम हम सबको आगे चलकर मिलेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य रानी सोनवानी, उपसरपंच सुशीला सोनवानी, सचिव रेशम कोसले, लकेश यादव, गायत्री तारक, भोजेश्वर तारक, मोगरा ध्रुव,दिलेश्वर कोसले, ओमेश्वरी तारक, भुनेश्वरी तारक, चंद्रबली भारद्वाज, रुखमणी राठी, आकाश शर्मा, अंबिका कोसले, दमयंती साहू, कोमल पांडे, लीला साहू, अनीता पांडे, राजेश्वरी गायकवाड़, जया तारक, उतरा तारक, राधा साहू, बृजेश पांडे, चैतराम सपहा, दिनेश्वरी साहू,नर्मदा साहू, तेजराम साहू ,राजेश तारक, एसंत ध्रुव, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### निनवा स्कूल परिसर में किया गया पौधारोपण



**तिल्दा नेवरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निनवा के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा शाला को हरियर शाला बनाने और शासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। जल जंगल और जमीन, जीवन के है तीन मशीन वृक्ष, धरा का भूषण दूर करे प्रदूषण आदि नारे लगाये गये। इस अवसर पर संकुल समन्वयक नरोत्तम ध्रुव, एच एम सिलपट्टी धीरही, कीर्ति साहू प्रभारी, एच एम निनवा नीरा मांझी, शिक्षक सुषमा शर्मा, निर्मल साहू , मोहन खरे, हेमचरण पटेल, मोतीराम कुर्रे, संगीता वर्मा शामिल रहे।

## सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में मानस ज्ञान का शुभारंभ

**मठपुरैना।** वाटर फिल्टर परिसर में स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में भीमसेनी एकदशी के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय अखंड सस्वर मानस ज्ञान सम्मेलन का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन करीब 20-25 मंडलियों द्वारा मानस की प्रस्तुति दी जाएगी। सम्मेलन के शुभारंभ में रामदरबार मानस परिवार के रामप्रसाद नेगी ने सुंदरकांड के पाठ किया। उल्लेखनीय है मंदिर में पिछले 30-35 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। इस बार के आयोजन में जिसमें रायपुर, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव सहित कई शहरों की मंडलियां से भाग लेने की सहमति मिल चुकी है। मंदिर में प्रतिभागी मंडलियों क आवास और भोजन का प्रबंध किया गया है। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मोहन लाला साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्यअतिथि दूधाधारी मठ के महंत श्रीराम सुंदर दास होंगे। इस अवसर पर छग विस के नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत और श्री शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला के ब्रम्हचारी डा. इंदु भवानंद महाराज होंगे। और समापन सत्र के मुख्यअतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू और महापौर मनील चौबे होंगे। सचिव राजकुमार धीवर, मंदिर के सेवक दीनदयाल साहू और पुजारी घनश्याम दास वैष्णव ने बताया कि शनिवार की शाम पांच बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतिभागी मंडलियों को सम्मान राशि के साथ व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए किशोर साहू, दीनदयाल साहू, रामचंरन पटेल, जयराम सोनकर, तुलसीराम सोनकर सक्रिय हैं।

## राशन वितरण को पारदर्शी बनाने प्रशासन की बड़ी पहल

**आरंग।** आरंग जनपद खाद्य निरीक्षक राकेश साहू ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली केंद्रों से मिलने वाली चावल डिजिटल तौल कांटा के अपग्रेड नही होने के चलते 1 से 5 जून तक चावल उत्सव नही मना पाया 5 जून को सभी सेल्समेनो को नई डिजिटल तौल काटा उपलब्ध करा दी गई। 6 व 7 जून को सभी चावल वितरण केंद्रों में एक साथ 3 माह का चावल वितरण कर चावल उत्सव मनाया जाएगा।

इस सम्बंध में सक्रिय जनपद सदस्य प्रीतम कुमार साहू ने बताया कि चावल उत्सव का आयोजन हमारे किसानों और राशन लाभार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचाने का माध्यम है। 1 जून से इस महोत्सव की नियोजित शुरुआत विशेषकर वितरण मशीनों की अपडेट न हो पाने के कारण से संभव नहीं हो सकी।

### दाई-बाबा दिवस पर बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**तरपोंगी।** स्थानीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर तरपोंगी में दाई बबा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच देवकी सावन नायक व संस्था प्रभारी कुमारी दीक्षा साहू तथा सुमित पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य लाभ व बुजुर्गों के स्वास्थ्य की विशेष देखभाल और बच्चों के साथ भावनात्मक जुड़ाव की अनोखी पहल की शुरुआत की गई। इस मौके पर आए सभी बुजुर्गों व नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा प्रदान किया गया तथा आयुष्मान कार्ड, बुजुर्गों का वय वंदन कार्ड, आभा आईडी बनाई गई।

पेज 13 के शेष...

### सही सूची तैयार नहीं...

गई हैं। सूची की त्रुटियों को काउंसलिंग के पूर्व ठीक कर प्रक्रिया तो पूर्ण कर ली गई, लेकिन वरीयता सूची तैयार करने में बरती गई लापरवाही को गंभीर मानते हुए कलेक्टर, जांजगीर-चांपा द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव दिया गया था। इसके आधार पर बिलासपुर संभागायुक्त ने बीईओ दीवान को निलंबित कर दिया। उन्हें मुख्यालय संयुक्त संचालक, बिलासपुर संभाग में अटैच किया गया है।

### रंगदारी से करोड़ों का...

तोमर भाइयों की मां को छोड़ उनकी पत्नियों को भी आरोपी बनाने की तैयारी कर रही है। इसीलिए पुलिस ने तोमर भाइयों के खिलाफ संगठित अपराध की धारा 111(1) दर्ज की है।
**डिफाल्टर घोषित कराने के बाद वसूलीः** पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक कई ऐसे लोग हैं, जिन लोगों ने पूर्व में बैंक से लोन लिया था या फायनेंस कराया था। किसी कारणवश बैंक का लोन तथा किस्त जमा नहीं कर पाते थे। ऐसे लोगों से दोनों भाई संपर्क कर बैंक से रिकवरी करने आने वाले लोगोस्को झूठे केस में फंसाने की धमकी देते थे। एक समय बाद लोन की राशि जमा नहीं होने पर संबंधित को बैंक डिफाल्टर घोषित कर देता था। ऐसे लोगों से तोमर भाइयों द्वारा उगाही करने की जानकारी पुलिस को मिली है।

### बैंक ने की...

किस्त जमा नहीं करने पर बैंक प्रबंधन ने गाड़ी खींचने के साथ पैसा जमा करने के लिए दबाव बनाया, तो दोनों भाइयों ने बैंक प्रबंधन को धमकाया। यूको बैंक प्रबंधन ने भी तोमर भाइयों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### चेक लेने के साथ...

जुटाने की बात कह रही है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक सूद की रकम वीरेंद्र तथा रोहित अपने घर की महिलाएं शुभ्रा तथा नेहा तोमर के साथ कर्मचारी योगेश के अकाउंट में जमा करवाते थे।

### सफर का साथी बना...

लेकर मोबाइल चार्जर, गर्म दूध और ईयरफोन तक, हर जरूरी चीज अब ट्रेन में उपलब्ध हो रही है। रायपुर में हर दिन दर्जनों यात्री इस सेवा से राहत पा रहे हैं और रेलवे को शानदार फीडबैक मिल रहा है। शिकायत मिलने पर न केवल तुरंत समाधान होता है, बल्कि रेलवे अधिकारी यात्रियों से फॉलोअप लेकर उनकी संतुष्टि भी सुनिश्चित कर रहे हैं।
गर्भवती महिला को रेल मदद से मिली आरक्षित सीट : छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला को रेल मदद के जरिए सीट उपलब्ध कराई गई। महिला ने कटनी से ट्रेन में चढ़ने पर सीट न मिलने की शिकायत दर्ज की थी। रायपुर मंडल के कमर्शियल कंट्रोल ने ऑन ड्यूटी टीटीई से संपर्क कर मदद दिलाई। टीटीई ने मानवीय आधार पर अपनी सीट महिला को दी। महिला ने रेलवे का आभार जताया। वाणिज्य प्रबंधक अवधेश त्रिवेदी ने यात्रियों से 'रेल मदद' के माध्यम से सहायता लेने की अपील की।

**आम सूचना**

**वाके मौजा धनेली-2, प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. रायपुर-01, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 239/16 रकबा 0.2840 हेक्टेयर भूमि के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रामस्वरूप देवांगन पिता स्व. बालक राम देवांगन निवासी एम.आई.जी.-07. मित्रा कॉलोनी, मिनाक्षी नगर, दुर्ग (छ.ग.) द्वारा विक्रेता श्रीमती सुशीला साहू पति श्री रामखिलावन साहू निवासी-माना बस्ती, धनेली रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि वाके मौजा- धनेली-2, प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. रायपुर-01, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 239/16 रकबा 0.2840 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्रदान कर दिया है, केवल बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक, बीमा, निगम, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार की दावा, आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पता में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।
रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 03.06.2025

**लाकेश्वर चन्द्राकर**
**(अधिवक्ता)**
**पता पुलिस लाईन, रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

मैं अंजली शर्मा उम्र 22 वर्ष पिता श्री संजीव शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी हरदेवलाल पारा वार्ड नं. 11 सिमगा थाना व तहसील सिमगा जि. बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि मैं निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करती हूं कि :-
(1). यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
(2). यह कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भाटापारा से एल.आई.सी. पालिसी लिया है जिसका पॉलिसी क्रमांक 383455927 है उक्त समस्त पॉलिसी बांड पेपर पर मेरा नाम Tulsi Sharma D/o Sanjeeva Kumar Sharma दर्ज है जो कि मेरा प्रचलित एवं घरेलू नाम है तथा मेरा अन्य समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय रिकार्ड जैसे की शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बैंक खाता पासबुक पर Anjali Sharma D/o Sanjeev Sharma दर्ज है तथा आधार नं. 8203 9157 7003 है।
(3). यह कि मैं उपरोक्त दोनो नाम Tulsi Sharma D/o Sanjeeva Kumar Sharma एवं Anjali Sharma D/o Sanjeev Sharma का एक ही व्यक्ति (लड़की) हूं जो कि मै स्वयं शपथकर्ती हूं तथा मुझे उपरोक्त दोनो नाम से जानी पहचानी एवं सम्बोधित की जाती हूं।
(4). यह कि मैं दो नाम का एक ही व्यक्ति (लड़की) होने की सत्यता हेतु ईश्तहार का प्रकाशन करवाना चाहती हूं तथा मेरे द्वारा दी गई समस्त तथ्य एवं जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है अगर भविष्य में गलत पायी जाती है तो मेरे विरूद्ध विधिवत कानूनी कार्यवाही कर सकती है जिसके लिए मै स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

**अंजली शर्मा उम्र 22 वर्ष**
**पिता श्री संजीव शर्मा जाति ब्राम्हण**
**निवासी हरदेवलाल पारा वार्ड नं. 11**
**सिमगा, थाना व तहसील सिमगा**
**जि. बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल)**
**तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र. क्रमाकं/..../अ-20 (1)
वर्ष 2024-2025
ग्राम-नेवरा प.ह.नं. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय लालवानी पिता मोहनलाल लालवानी निवासी 120, वार्ड नं. 11, तिल्दा-नेवरा, तहसील तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर छ.ग.. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि ग्राम नेवरा स्थित नजूल पट्टे से प्राप्त भूमि का खसरा नंबर 252/1 का भाग, शीट नं. 03, का रकबा 945 वर्गफुट भूमि है। उक्त नजूल भूमि के पट्टे की अवधि मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। जिसकी सुनवाई न्यायालय तिल्दा में 19.06.2025 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाशक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार (नजूल)**
**तिल्दा नेवरा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ :- जिला- रायपुर तहसील- धरसींवा प.ह.न. - 00012 मटिया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440718200032

**ईश्तहार**

तहसील धरसींवा के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम मटिया के वर्तमान भूमिस्वामी विजय कुमार पिता खोरबाहरा पिता/पति हीरोबाई बेवा खोरबाहरा सत. पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 33/13 (0.1000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता विजय कुमार पिता/पति- खोरबाहरा पता-सादेह, दिलीप कुमार पिता/पति- खोरबाहरा पता-सा. देह, कुसुम पिता/पति-खोरबाहरा पता-सा. देह, भूपेन्द्र कुमार पिता/पति स्व. डेरहाराम पता-सा. देह, दुलेश्री पिता/पति स्व. डेरहाराम पता-सा. देह, निर्मलाबाई पिता/पति- स्व. डेरहाराम पता-सा. देह, दीपक पिता/पति स्व. शिवकुमार पता-सा. देह, इन्द्राणी पिता/पति- स्व. शिवकुमार पता-सा. देह, प्रीति पिता/पति स्व. शिवकुमार पता-सा. देह,ज्योति पिता/पति-स्व. शिवकुमार पता-सा. देह, बिसवंतीन पिता/पति स्व. शिवकुमार के नाम पर पता-सा. देह, बिसवंतीन पिता/पति - स्व. शिवकुमार पता - सा. देह पंजीयन/ फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी. विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/06/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/06/2025 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार : Ashok Kumar Janghel**
**नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
मुहर **जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित **स्वतंत्र भवन 862**, को **1.श्रीमती धनवन्तीन पति श्री परमेश्वर बारले एवं 2.श्री भीखम चंद बारले पिता श्री परमेश्वर बारले एवं 3.श्री पूनम चंद पाटले पिता श्री स्व. प्रभु लाल पाटले** के सयुक्त नाम से एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर लिया गया है एवं सेलडीड एवं एग्रीमेंट का निष्पादन किया जाना शेष है। वर्तमान **श्रीमती धनवन्तीन पति श्री परमेश्वर बारले एवं श्री भीखम चंद बारले पिता श्री परमेश्वर बारले**, निवासीः- ग्राम बोधीपारा, पोस्ट टेढाघौरा तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्री पूनम चंद पाटले पिता श्री स्व. प्रभु लाल पाटले** निवासीः- दीनदयाल कॉलानी एल.आई.जी. 202, आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के पत्र में हकत्याग करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित **स्वतंत्र भवन 862**, के हकत्याग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**// ईश्तहार //**

नामंतरण प्र.क्र. 18868/ न. पा. नि. / जोन क्रं 10/2025 रायपुर, दिनांक 09-05-2025
वार्ड का नाम 52 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446Q00854 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARISH PREMCHANDANI, RENU RAM पिता/पति श्री श्रीमती CHANDIRAM PREMCHANDANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PAVAN Kumar पिता/पति श्री श्रीमती Shri Mharaj Singh ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर- जोन -10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर- 06 (खमतराई)**
**: आम सूचना :**

जारी दिनांक 05.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मिथिलेश प्रसाद पिता/पति श्री राजकिशोर प्रसाद निवासी सी-89 बी.सी. ब्लाक साउथ गणेश नगर शंकरपुर बरामद पूर्वी दिल्ली वर्तमान पता श्रीनगर दुर्गा मंदिर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम खमतराई पटवारी हल्का नंबर 38 राजस्व निरीक्षक मंडल-06 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 482/25 रकबा 0.0170 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21.05.2025 के परिपालन में दिनांक 12.06.2025 को समय 1:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 38 के खमतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. 06 खमतराई**
**तह. व जिला रायपुर**







**खबर संक्षेप**

## बिजली कर्मचारियों को मिलेगा 10 लाख दुर्घटना बीमा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बिजली कर्मचारियों के लिए दुर्घटना बीमा का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत 33/11 केवी. उपकेंद्र में कार्य करने वाले सब स्टेशन ऑपरेटर को नई निविदा में 10 लाख का कवरेज दिया जाएगा। 27 जनवरी को विद्युत ठेका श्रमिक संघ ने छत्तीसगढ़ शासन, विद्युत कंपनी और श्रम आयुक्त से मांग की थी, जिसे नई निविदा प्रणाली में शामिल किया गया है। इस नई सुविधा के लिए आभार व्यक्त करने संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू ने विद्युत वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंग कंवर से मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही विद्युत कंपनी में कार्य कर रहे सभी ठेका कर्मचारियों के होने वाले सभी निविदा में 10 लाख का बीमा लागू करने की भी मांग की है। कार्य के दौरान 1500 उपकेंद्र में ठेका कर्मियों को दुर्घटना के अंतर्गत 10 लाख के बीमा की नई सुविधा ठेके में दी जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में एलायड सर्विसेस से बनेंगे दो आईएएस

**रायपुर।** प्रदेश में गैर राज्य प्रशासनिक सेवा (जिसे एलायड सर्विसेस कहा जाता है) से आईएएस कैडर के रिक्त दो पद पर पदोन्नति के लिए राज्य शासन ने सभी विभागों से दावेदार अफसरों से 6 जून तक आवेदन मांगे हैं। बताया जाता है कि एलायड सर्विस से आईएएस बने दो अफसर शारदा वर्मा और अनुराग पांडेय सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस आधार पर राज्य में दो पद इस सर्विस से भरे जाएंगे। इन पदों के लिए वित्त, शिक्षा पीडब्लूडी, पीएचई, उद्योग, कृषि जनसंपर्क जैसे विभागों के अफसर अपनी दावेदारी कर सकते हैं। बताया जाता हैं कि सभी विभागों से आवेदन आने के बाद उच्च स्तरीय कमेटी आवेदनों का परीक्षण कर अंतिम रूप से नाम तय करेगी। इन नामों को डीओपीटी भेजा जाएगा।

## देशभर के आदिवासी लेखक जुटेंगे राजधानी में

**रायपुर।** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली (भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय) और अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान में दो दिवसीय अखिल भारतीय आदिवासी लेखक सम्मेलन का आयोजन 7-8 जून को रायपुर के नवीन विश्राम भवन, सिविल लाइंस में होगा। इसमें देशभर के आदिवासी लेखक जुटेंगे। शनिवार के उद्घाटन सत्र में साहित्य अकादमी नई दिल्ली के अध्यक्ष माधव कौशिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वक्ता प्रख्यात लोकसाहित्यविद् महेंद्र कुमार मिश्र रहेंगे। मुख्य अतिथि शशांक शर्मा, साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद एवं अध्यक्षता केशरीलाल वर्मा, कुलपति, छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय करेंगे। पहले दिन के प्रयम सत्र में संस्कृति के संरक्षण में जनजातीय भाषाओं का महत्व विषय पर एक आलेख पाठ होगा, जिसमें आलेख-पाठ करेंगे वी. रामकोटि, माधुरी यादव, उपेंद्र अणु। इस सत्र की अध्यक्षता विवेक आचार्य, संस्कृति विभाग के संचालक करेंगे।

# रेडक्रास बना अस्थाई कोर्ट, 22 प्रकरणों में हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर का कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष गुरुवार को अस्थाई कोर्ट में बदल गया। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आई राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के. रहाटकर ने यहां जनसुनवाई की, जिसमें रायपुर पुलिस द्वारा सौंपे गए महिला उत्पीड़न से संबंधित 22 प्रकरणों के प्रतिवेदन पर सुनवाई की गई। इस सुनवाई के दौरान महिला आयोग की राष्ट्रीय सदस्य ममता कुमारी, रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी, राज्य महिला आयोग के सदस्य, विभिन्न विभागों तथा पुलिस विभाग के अधिकारी सहित संबंधित प्रकरणों के पक्षकारों के साथ अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

***मानसिक प्रताड़ना, शारीरिक शोषण सहित कई प्रकरणों पर की सुनवाई***

*राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई में मानसिक प्रताड़ना, शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण, अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी सहित विभिन्न प्रकरणों में आवेदकों और अनावेदकों को पेश किया गया। आयोग की अध्यक्ष ने पेश किए गए प्रकरणों में से कई प्रकरण में आवेदक और अनावेदकों के पक्ष सुनने के बाद आदेश भी जारी किए हैं।*



***बीपीओ सेंटर का किया निरीक्षण:*** *आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने जनसुनवाई के बाद कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) केंद्र का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बीपीओ में संचालित कार्य प्रणाली को जाना और समझा। इस दौरान उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के गीदम से आकर यहां कार्यरत निधि पूर्ति से विशेष रूप से बातचीत करते हुए उनकी प्रशंसा की और कहा कि एक छोटे से गांव से आकर राजधानी में काम करना गांव की दूसरी लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत है।*

## रहाटकर ने मुख्यमंत्री से की भेंट

अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयोग अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह नंदी भेंटकर सम्मानित किया। सौजन्य मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और विधायक विक्रम उसेंडी भी उपस्थित रहे।

## किरणमयी नायक ने पौधा देकर किया स्वागत

महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर का प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने नवा रायपुर स्थित नया सर्किट हाउस में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्य महिला आयोग की कार्य की जानकारी ली और कहा कि राज्य महिला आयोग बहुत अच्छे तरीके से समस्याओं का समाधान कर रहा है।

# डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, सुपर फास्फेट और यूरिया उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को खरीफ सीजन में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के 4.62 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का भंडारण सुनिश्चित किया है। यह भंडारण प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों एवं विपणन संघ के माध्यम से किया गया है।अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन काण्डे ने बताया कि राज्य की सहकारी समितियों में अब तक 4.62 लाख टन खाद का भंडारण किया जा चुका है, जिसमें से 2.44 लाख टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में समितियों में 2.18 लाख टन खाद उपलब्ध है, जिसमें प्रमुख रूप से 92,120 टन यूरिया, 47,451 टन सुपर फास्फेट, 19,885 टन डीएपी, 32,643 टन एन.पी.के. और 25,855 टन पोटाश शामिल हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण डीएपी खाद की आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका को देखते हुए, राज्य सरकार ने अग्रिम तैयारी करते हुए एनपीके., सुपर फास्फेट और यूरिया खाद को विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया है।

■ राज्य में 4.62 लाख टन खाद का भंडारण

***भंडारण की स्थिति की दैनिक समीक्षा :*** *सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को इन विकल्पों की प्रति एकड़ उपयुक्त मात्रा के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि किसान खरीफ सीजन में इसका उपयोग कर डीएपी की कमी को पूरा करते हुए बेहतर फसल उत्पादन कर सकें।*

### सभी समितियों में 10-10 टन खाद का भंडारण सुनिश्चित करें

सहकारिता मंत्री ने विपणन संघ के सभी प्रदाय केंद्रों को निर्देशित किया है कि जून-जुलाई के दौरान कम से कम 100 टन यूरिया, 100 टन डीएपी/एनपीके, 100 टन सुपर फास्फेट और 50 टन पोटाश खाद का स्टॉक अनिवार्य रूप से बनाए रखें। इसी प्रकार, सभी सहकारी समितियों को प्रति केंद्र 10-10 टन यूरिया, एनपीके, डीएपी और सुपर फास्फेट खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे खाद की निरंतर आपूर्ति बनी रहे।

## निगम कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

# जोन कार्यालय में तोड़फोड़, निगम कर्मियों के साथ मारपीट पर बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मोहबा बाजार स्थित जोन 8 कार्यालय में हुई तोड़फोड़ और निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना के विरोध में गुरुवार को निगम कर्मचारियों का गुस्सा जमकर फूटा। निगम मुख्यालय में इस घटना के विरोध में अपर आयुक्त, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, उपअभियंता से लेकर सभी कर्मचारियों ने काम बंद-कलम बंद कर विरोध जताया। घटना को शर्मनाक और निंदनीय बताते हुए कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की है। लामबंद कर्मचारी-अधिकारियों ने महात्मा गांधी सदन से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

■ काम बंद कलम बंद कर प्रदर्शन, निगम मुख्यालय से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च

निगम मुख्यालय में एकजुट हुए कर्मचारी अधिकारियों की सभा को संबोधित करते हुए जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने कहा, चौखट से लेकर मरघट तक हमको काम करना पड़ता है। मूंछ वालों से लेकर पहुंच वालों तक का हमें काम करना पड़ता है, अगर हम प्रदर्शन नहीं करेंगे, तो हमें हमेशा रोना पड़ेगा। श्री पांडेका यह गुस्सा एक दिन पूर्व जोन 8 कार्यालय में हुई घटना को लेकर फूटा। इस मौके पर जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने कहा कि जोन दफ्तर में हंगामा, तोड़फोड़ और कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटना शर्मनाक है। यह एक उकसाने वाली घटना है, जिसका पुरजोर विरोध करते हैं। हमें एकजुट होकर इसका जवाब देना होगा। जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने कहा कि पूर्व में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, इसलिस ऐसी घटनाओं को रोकने एक पालिसी बनाई जाये। इस पालिसी में जिसमें जिला प्रशासन का मजिस्ट्रेट लेवल का अधिकारी अतिक्रमण हटाओ दस्ता के साथ रहे।

### सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

एक दिन पूर्व टाटीबंध मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान अवैध तरीके से गुमटी में संचालित भोजनालय हटाने से नाराज महिला उसके बेटे-बेटियों ने जोन 8 में रखे वाहनों और आफिस में तोड़फोड़ कर हंगामा किया। पुलिस ने जब उन्हें रोकने की कोशिश, तो जवानों के साथ धक्का-मुक्की की गयी। साथ ही महिला पुलिस कर्मचारियों से मारपीट की। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर महिला पिंकी ठाकुर, बेटे शिवम और बेटी शिवानी ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसी घटना के विरोध में कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय में सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में अपर आयुक्त, उपायुक्त, जोन कमिश्नर, असिस्टेंट इंजीनियर, जेई समेत तमाम कर्मचारियों ने काम बंद कलम बंद करते धरना-प्रदर्शन कर एकजुटता दिखाई। महापौर मीनल चौबे के शहर से बाहर होने और निगम आयुक्त विश्वदीप के निगम मुख्यालय में नहीं होने की वजह से निगम कर्मचारियों की उनसे मुलाकात नहीं हो पायी।

### महापौर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

घटना को लेकर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने निंदा प्रस्ताव पारित कर शासन, प्रशासन महापौर को ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया। इसमें गुंडागर्दी करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के साथ भविष्य में सुरक्षा के साथ ही कार्रवाई किए जाने का मांग रखी गई। विरोध प्रदर्शन में नगर निगम कर्मचारी अधिकारी एकता संघ के संरक्षक संतोष पांडे, विवेकानंद दुबे, अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष श्याम सोनी, मोहित कुमार, संगठन प्रतिनिधि यूएस अग्रवाल,उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, योगेश कडू, नगरनिगम प्लेसमेंट कर्मचारी संघ अध्यक्ष संघ अध्यक्ष संजय ऐडे,खेमूलाल निषाद सचिव, उपाध्यक्ष अजीत कसार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में आठ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर के अमलीडीह स्थित साईं ड्रीम सिटी में किराए के फ्लैट में रह रही युवती की छठवें माले से कूदकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप है।

■ दो दिन पूर्व राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के अमलीडीह स्थित एक अपार्टमेंट के छठवें माले से कूदकर युवती ने की थी खुदकुशी

पुलिस के अनुसार भिलाई-3 निवासी जसविंदर कौर ढिल्लन उर्फ जस्सी को खुदकुशी करने प्रेरित के आरोप में नीरज मजूमदार, प्रशांत लाण्डे, रोशनी साहू उर्फ तन्नू, आकाश वैष्णव, साबिया परवीन, तिलोत्मा पाण्डेय, दीपक पाटले तथा नेहा यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जसविंदर पेशे से मेकअप आर्टिस्ट है और वह नीरज मजूमदार के साथ रिलेशन में थी। पिछले कुछ समय से काम नहीं मिलने की वजह से जसविंदर खाली बैठी थी, जिसका खर्च नीरज वहन करता था।

इस बात को लेकर जसविंदर के साथी उसे ताना मारने के साथ शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इससे जसविंदर बुरी तरह से टूट गई और उसने खुदकुशी कर ली।

# अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी आज देंगे जिला मुख्यालयों में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन

छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के स्कूलों के सफाई कर्मचारी अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर 6 जून को सभी जिला मुख्यालयों में धरना देंगे। साथ ही जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे। अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालिक कर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान और युक्ति युक्त करण के तहत प्रभावित स्कूल सफाई कर्मचारियों को संबंधित स्कूलों में समायोजन की मांग की जायेगी। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्य करने वाले 43,301 अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों अपने 2 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 3 चरणों में आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराने धरना प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद कर रहे हैं।

### प्रति माह महज 3000 से 3400 रुपये मानदेय

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 15 साल से काम कर रहे अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को उनके काम के एवज में प्रतिमाह केवल 3 हजार रुपये लेकर 3400 रुपए तक मानदेय दिया जाता है। जो इस महंगाई के दौर में बहुत कम है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीव वर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था, पर सरकार बने 18 माह होने के बाद भी मांग पूरी नहीं हो पायी। इससे कर्मचारियों को रोजी-रोजी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर युक्ति युक्त करण के तहत एक शाला दूसरे शाला में मर्ज करने पर स्कूली सफाई कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। 15 साल तक स्कूलों में सेवा देने के बाद कर्मचारियों की उम्र 40 से 50 वर्ष हो चुकी है। अब इन कर्मचारियों को दूसरी नौकरी में फार्म भरने का उम्र भी पार हो चुका है। इसलिए युक्ति युक्त करण न किया जाये।

# क्रांति सेना की खारुन आजादी पदयात्रा पूरी, नदी को बचाने किया जन-जागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के तत्वावधान में सुंगेरा सहित आसपास के ग्रामीणों ने खारुन बचाने 5 दिनों तक पदयात्रा कर हुंकार सभा आयोजित कर खारुन आजादी की पदयात्रा गुरुवार को पूरी की। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। खास बात ये रही कि खारुन बचाने की इस पदयात्रा करने वालों का गांवों के सरपंच और जन प्रतिनिधियों ने उनके रुकने और भोजन का प्रबंध भी किया। खारुन दाई के जयकारों की गूंज के साथ पदयात्रा में शामिल लोगों का उत्साह देखने लायक रहा।

■ खारुन बचाने राष्ट्रपति के नाम सौंपी गुहार की चिट्ठी

■ जयकारों की गूंज के साथ खारुन दाई की आरती

तपती धूप और उमस के बीच शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी बचाने छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना की पहल 5 दिवसीय खारुन आजादी पदयात्रा में जनजागरण को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। प्रदेश के नदियों की दुर्दशा रोकने और जनमानस को जगाने का काम नारी शक्ति ने बड़ी बखूबी किया। पदयात्रा में ग्राम सुंगेरा सहित आसपास के दर्जनों गांवों से ग्रामीणों स्वस्फूर्त होकर सहभागिता निभाई। गुरुवार को खारुन आजादी पदयात्रा के अंतिम दिन सरोना से रात्रि विश्राम के बाद यह पदयात्रा डंगनिया, रायपुरा होते हुए महादेव घाट पहुंच कर हुंकार सभा में तब्दील हो गई । सभा में वक्ताओं ने अपने उदबोधन में में प्रदूषण से छटपटा रही खारुन दाई की पीड़ा का जिक्र किया। पदयात्रा में शामिल कई लोग ऐसे भी रहे जिन्होंने पहली बार खारुन नदी के बदबूदार और जहरीले पानी का सामना किया । दो तीन दशक पहले तक सुजला-सुफला नदी लाखों लोगों को रोजगार और अन्नजल देती थी, पर आज इसमें जलकुंभी की भरमार है, नदी का जल दूषित हो चला है। क्रान्ति सेना के अध्यक्ष डॉ. अजय यादव के नेतृत्व में हुए आंदोलन में अमित बघेल ,अजय यादव , लता राठौर , चंद्रकांत यदु , भूषण साहू , तारण दास साहू , ललित बघेल , सोनू राठौर , ऋचा वर्मा , उषा श्रीवास प्रमुख वक्ता रहे । इस आंदोलन को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं उसके आध्यक्ष अमित बघेल ने अपना समर्थन दिया साथ ही पांच दिन तक वे यात्रा में पैदल भी चले । हुंकार सभा के बाद जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।

### जयकारों के साथ हुई खारुन दाई की महाआरती

गुरूवार की शाम खारुन नदी तट पर हजारों लोगों ने एकसाथ मिल कर खारुन दाई की महा आरती की। और यह संकल्प लिया की जब तक खारुन को साफ नहीं किया जाता तब तक वे सरकार और उद्योगों के खिलाफ आंदोलन करते रहेंगे । महाआरती में खारुन दाई की महिमा का गुनगान करते हुए जयकारे लगाये गये। नदी तट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। साथ ही महाआरती के मनोरम दृश्य के लोग साक्षी बने।

# सिख फोरम के अध्यक्ष और डीपीएस के चेयरमैन भाटिया से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा ने बुधवार को छत्तीसगढ़ सिख फोरम के अध्यक्ष व डीपीएस के चेयरमैन बलदेव सिंग भाटिया से सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री छाबड़ा ने शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर श्री भाटिया को सम्मानित किया। इस मौके पर आयोग अध्यक्ष और सिख फोरम अध्यक्ष के बीच हुई वार्तालाप के दौरान सिख समाज के सर्वांगीण उत्थान एवं महत्वपूर्ण कार्यों को सक्रियता से किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज के युवाओं को रोजगारोन्मुखी स्मार्ट स्किल डेवलपमेंट से जोड़ने तथा आईएएस-आईपीएस की तैयारी कर रहे युवाओं को कोचिंग व अन्य सुविधाएं प्रदान करने पर जोर दिया गया। वहीं गुरु तेगबहादुरजी के आगामी 350वें सालाना शहीदी पर्व को पूरे छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के अनेक कार्यों के साथ ऐतिहासिक व भव्य रूप से मनाए जाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। फोरम अध्यक्ष श्री भाटिया ने आयोग अध्यक्ष श्री छाबड़ा को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का की बात कही।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को**

**अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें**

**9827555678, 8224868411**




## पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से जोन 10 के सहयोग से रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय नरसिंह मंडल की पुण्यतिथि पर 7 जून को प्रातः 11 बजे न्यू राजेन्द्र नगर स्थित गुरू घासीदास कालोनी सांस्कृतिक भवन के प्रांगण मे पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित है। इसके लिए जोन 10 जोन कमिश्नर को प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई पुष्प फूलों की पंखुड़ियां के साथ-अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।




**बिजनेस साइट**

## मैक कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'मैक लाइट' के 19वें संस्करण का विमोचन



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक कॉलेज) की वार्षिक पत्रिका 'मैक लाइट' के 19वें संस्करण का विमोचन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा तथा एडमिनिस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने महाविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि मैक कॉलेज छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, जो वर्तमान समय की आवश्यकता है। 'मैक लाइट' पत्रिका में कॉलेज की शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों, शिक्षकों के विचारों और रचनात्मक योगदान का विस्तृत संकलन प्रस्तुत किया गया है। यह संस्करण महाविद्यालय के गत वर्षभर के समर्पण और प्रगति का आईना है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उर्मिला फाउंडेशन ने की 'भारत के पेड़ अभियान' की शुरुआत



**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उर्मिला फाउंडेशन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'भारत के पेड़ अभियान' की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य भारत में प्रति व्यक्ति वृक्षों की संख्या को बढ़ाना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्थायी पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। वर्तमान में जहां विश्व में प्रति व्यक्ति औसतन 422 पेड़ हैं, वहीं भारत में यह संख्या केवल 28 पेड़ प्रति व्यक्ति है, जो आने वाले समय में पर्यावरणीय असंतुलन की चेतावनी देता है।अभियान की शुरुआत उर्मिला फाउंडेशन की चेयरपर्सन नम्रता सिंह और उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार सिंह ने पौधारोपण कर की। इस वर्ष की एक अनूठी पहल के तहत उर्मिला फाउंडेशन, उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में जन्म लेने वाले हर नवजात शिशु के उपलक्ष्य में 100 पेड़ लगाएगा, जिसके लिए परिवार की सहमति ली जाएगी। यह एक प्रतीकात्मक और प्रेरणादायक कदम है, जो जीवन की शुरुआत को हरियाली से जोड़ता है और भविष्य के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देता है।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, रायपुर ने 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के तहत एक प्रेरक पहल के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया, जिसमें पर्यावरण चेतना को प्रोत्साहित किया गया और प्रकृति के माध्यम से मातृत्व का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अगवाई कुलपति (प्रभारी) डॉ. आरआरएल बिराली एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य, स्टाफ और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर परिसर में विविध प्रजातियों के पौधे लगाए।





बालों को ऐसे स्टाइल करेंगी तो गर्मी ...

सिटी इवेंट

## सवा लाख बाती से गंगा दशमी पर खारुन की महाआरती, यज्ञ के बाद बच्चों का संस्कार



**रायपुर।** धरती पर गंगा माता का आगमन जेष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हुआ था। इसके चलते शहर के प्रमुख मठ-मंदिरों में दिनभर भक्तिमय माहौल देखने को मिला। महादेवघाट खारुन तट पर भी सैकड़ों की तादाद में हर वर्ग के लोग महाआरती में शामिल होने के लिए शाम को पहुंचे। भक्तों में कुछ लोग महाआरती की व्यवस्था बनाने में लगे तो कुछ लोगों ने स्थल की शुद्धिकरण के लिए मंत्रोच्चार भी किया। इस बार भी महाआरती का आयोजन हाटकेश्वरनाथ मंदिर धाम, नाविक संघ, महादेवघाट पुजारी संघ और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। महाआरती में सवा लाख बत्तियों के दिव्य प्रकाश में महंत सुरेश गिरी, दिनेश गिरी गोस्वामी, राघवेंद्र गिरी, नमन भारती शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने हाटकेश्वरनाथ की आरती के बाद इस आयोजन को अंतिम रूप दिया।

### मठ में दिनभर संतों ने किया भजन-कीर्तन



गंगा दशमी के अवसर पर श्री दूधाधारी मठ में सुबह से ही आस्था का माहौल रहा। भगवान श्री रघुनाथ, स्वामी श्री बालाजी भगवान एवं संकटमोचन हनुमानजी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गई। संत-महात्माओं द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। इसके चलते सुबह से शाम तक भक्तों की आवाजाही सामान्य दिनों से की अपेक्षा ज्यादा रही। गंगा दशमी के संदर्भ में महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज ने अपने संदेश में कहा कि गंगा दशमी को गंगा दशहरा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन नदी के पवित्र जल में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। स्नान ध्यान के बाद गंगाजी की स्तुति, आरती और पूजन करना चाहिए।

## गायत्री शक्तिपीठ में गंगा जयंती पर संस्कार



समता कॉलोनी गायत्री शक्तिपीठ में गंगा दशहरा पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। सुबह मां गायत्री की 10 स्नान पूजा-अर्चना के साथ ही संस्कार का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि इस कड़ी में पुंसवन, यज्ञोपवीत, जन्मदिवस संस्कार शक्तिपीठ के परिव्राजकों द्वारा कराया गया। इसके चलते सुबह से हर्षोल्लास का माहौल था। सुबह से ही मां गायत्री की विशेष पूजा के साथ वहां पर उपस्थित गायत्री परिजनों और भक्तों ने मां गायत्री की पूजा-अर्चना की। साथ ही दोपहर 1 बजे पांच कुंडीय महायज्ञ में सभी ने उत्साह से हिस्सा लिया। ट्रस्ट द्वारा अमृतासान प्रसादी भी बांटा गया।

सिटी इवेंट

## कॉर्निवल में 50 कलाकार लेंगे भाग मुख्य आकर्षण होगा लाइव पेंटिंग



**रायपुर।** युवा कलाकारों का मेला शुक्रवार से मैग्नेटो द माल में कला महोत्सव के दौरान लगने वाला है। इस कैनवास कॉर्निवल में रंगों, कल्पनाओं व रचनात्मकता से भरे तीन दिन खास होंगे। कार्निवल 6 से 8 जून तक चलेगा। इसमें प्रदेशभर से 50 कलाकार भाग लेने वाले हैं। इस बार मुख्य आकर्षण कलाकारों की अनोखी कलाकृतियों की प्रदर्शनी के साथ ही लाइव पेंटिंग और आर्ट वर्कशॉप भी होगा। बच्चों और परिवारों के लिए इंटरेक्टिव क्रिएटिव जोन होगा। इससे कलाप्रेमियों को तीन दिन अच्छा माहौल मिलने वाला है। इसमें विशेष भागीदारी प्रसिद्ध कलाकार प्रमोद साहू की है। इस आयोजन में वे भाग ले रहे हैं। अपने विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहेंगे। उनके द्वारा बनाई गई खूबसूरत कलाकृतियां भी इस प्रदर्शनी में शामिल की गई हैं।

### मजबूत मंच देने की गई पहल

यह साझेदारी आयोजन को और भी अधिक प्रेरणादायक और सीखने योग्य अनुभवी बना रही है। कैनवास कॉर्निवल की इस अनूठी पहल में युवा कलाकारों की सहभागिता ज्यादा रहने वाली है। जो कला को आम जनता के करीब लाने और प्रतिभाशाली कलाकारों को एक मजबूत मंच देने की दिशा में एक अहम कदम है। शहर के सभी कलाप्रेमियों के लिए यह एक यादगार अनुभव होगा। जहां उन्हें कला के बारे में जानने का बेहतर अवसर भी मिलने वाला है। साथ ही कलाप्रेमियों को प्रदर्शनी के दौरान लाइव पेंटिंग की बारीकियां जानने को मिलेंगी।

### सिटी में किराए के फैंसी कार्टून कैरेक्टर वाली ड्रेसेस का ट्रेंड बढ़ा

# बर्थडे-फैमिली फंक्शन में फैंसी ड्रेस कैरेक्टर्स के साथ डांस का बढ़ा क्रेज, मोटू-पतलू, डोरेमॉन बच्चों की पहली पसंद

**बाजार में विशेष फेस्टिवल एवं अवसरों पर किराए की फैंसी ड्रेसेस की डिमांड तो आम बात है, लेकिन आजकल घर, होटल, रेस्टोरेंट्स में अरेंज होने वाले बर्थ-डे सेलिब्रेशन या फैमिली गेट टुगेदर पार्टियों में बच्चों के मनोरंजन के लिए अब उनके फेवरेट कार्टून कैरेक्टर वाली किराए की फैंसी ड्रेस ट्रेंड हो रही हैं। बच्चे अपनी बर्थ-डे पार्टी में इन एनिमल कैरेक्टर्स के साथ केक काट रहे हैं, फैमिली गेट टुगेदर पार्टियों में डांस कर रहे हैं।**

**रायपुर।** लोग भी उनके यहां पार्टियों में पहुंचने वाले बच्चों के मनोरंजन के लिए उनके फेवरेट कार्टून कैरेक्टर्स को फैंसी ड्रेस शॉप से किराए पर ले रहे हैं। शहर के पुरानी बस्ती रोड स्थित किराए की फैंसीड्रेस शॉप के ऑनर्स ने बताया कि कुछ समय पहले तक लोग केवल फेस्टिवल सीजन एवं स्कूलों में होने वाले फंक्शन के लिए ही बच्चों की फैंसी ड्रेस किराए पर ले जाते थे, पर अब नया ट्रेंड शुरू हुआ है कि बच्चों का बर्थ-डे सेलिब्रेशन हो या फिर कोई भी फैमिली गेट टुगेदर पार्टी, वहां बच्चों के लिए उनके फेवरेट कैरेक्टर्स के टेडी बियर फैंसी ड्रेसेस को जरूर शामिल किया जाता है, ताकि इन पार्टियों में बड़ों से अलग बच्चों को मनोरंजन का माहौल मिल सके। सिटी में इस तरह से बच्चों के फेवरेट कार्टून कैरेक्टर वाले टेडी बियर को किराए पर लेने का चलन बढ़ गया है।

### छोटा भीम और बघीरा भी डिमांड में

किराए की इन फैंसी ड्रेसेस वियर में मोटू-पतलू, पांडा, डोरेमोन के अलावा बघीरा, छोटा भीम, मिकी माउस को भी बच्चे बहुत पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा ढेरो एनिमल कैरेक्टर्स टेडी बियर भी फैंसी ड्रेस शॉप पर बच्चों के लिए विशेष तौर पर कलेक्शन में हैं। शॉप के ऑनर्स के अनुसार, बच्चे अपने फेवरेट कैरेक्टर्स वाले टेडी बियर फैंसी ड्रेस लेने पैरेंट्स के साथ स्वयं आकर पसंद करते हैं।





### ड्रेस की सिक्योरिटी मनी 1500, एक दिन का किराया 400



शहर की फैंसी ड्रेस किराया शॉप पर अलग-अलग साइज वाले कार्टून कैरेक्टर मोटू-पतलू, पांडा, डोरेमोन, बघीरा, छोटा भीम, मिकी माउस कैरेक्टर वाले टेडी बियर फैंसी ड्रेसेस की किराया दर एक दिन के लिए 400 रुपए चुकानी होती है। वहीं सिक्योरिटी मनी 1500 रुपए जमा करने के बाद ही इन कैरेक्टर्स की फैंसी ड्रेस उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों की खुशी और पार्टियों को किड्स स्पेशल बनाने के लिए पैरेंट्स भी खुशी-खुशी किराया चुका रहे हैं।

### बच्चों को लुभा रही सुपर कार्टून कैरेक्टर ड्रेस

यूं तो बच्चों के कार्टून कैरेक्टर वाले सुपर हीरोज काफी पसंद होते हैं, ऐसे में कार्टून कैरेक्टर मोटू-पतलू, पांडा, डोरेमोन, बघीरा, छोटा भीम, मिकी माउस कैरेक्टर, एनिमल कैरेक्टर्स वाले टेडी बियर फैंसी ड्रेस से ही सही, अगर उनके बर्थडे पर अचानक से सरप्राइज के तौर कोई हूबहू इन कैरेक्टर्स में सामने आए तो बच्चे खुशी से फूले नहीं समाते। इससे यह कह सकते हैं कि बच्चों को ऐसे कार्टून कैरेक्टर्स वाले किराए के फैंसी ड्रेस कॉस्टयूम बहुत लुभा रहे हैं।

### प्रोफेशनल इवेंट्स में भी डिमांड

आए दिन मॉल, सोसायटियों में होने वाले इवेंट्स मैनेंजमेंट के कार्यक्रमों जैसे किड्स फैशन शो आदि में प्रोफेशनल इवेंट्स में भी बच्चों को इंटरटेन करने किराए से ड्रेस ले जा रहे हैं। कार्टून कैरेक्टर मोटू-पतलू, पांडा, डोरेमोन, बघीरा, छोटा भीम, मिकी माउस कैरेक्टर, एनिमल कैरेक्टर्स वाले टेडी बियर फैंसी ड्रेस पहनकर उन्हें खूब इंटरटेन करते हैं।

## सुरों से सजी शाम, सेलिब्रिटी सिंगर्स की मधुर आवाज पर झूम उठे श्रोता

**रायपुर।** सालेम स्कूल कैंपस की फिजां में गुरुवार की शाम बालीवुड के सिलेब्रिटी सिंगर्स के मधुर आवाज ने समां बांध दिया। सिंगर निशा शर्मा, फेम एक्स फाइनलिस्ट सिंगर राकेश शर्मा, सिंगर नीलम सिंह, सिंगर अब्दुल रफीक, रैपर हैप्पी राजा ने एक से बढ़कर एक हिंदी सांग्स से श्रोताओं को खूब इंटरटेन किया। शाम से देर रात तक चले इस म्यूजिकल इवेंट में सात सुरों व मखमली आवाज ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। बता दें कि सालेम स्कूल में इको रिदम के नाम से सजे इस संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन सीएनआई छत्तीसगढ़ डिओसेस बोर्ड ऑफ एजुकेशन के तत्वावधान में किया गया। इसमें नामचीन बॉलीवुड सिंगर्स ने शिरकत की। म्यूजिकल इवेंट का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में गीत-संगीत के शौकीन देर रात तक जमे रहे।









## ऑनलाइन बाल संस्कार का समापन आज,11 को मंच पर करेंगे योगासन

**रायपुर।** आध्यात्मिक समिति द्वारा 1 मई से शुरू किए गए ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर का समापन सवा महीने के बाद शुक्रवार को होगा। लगभग 125 बच्चों को शिविर में सुबह प्रार्थना, योग के विभिन्न आसन, रामरक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा, विष्णु सहस्त्रनाम, गीता का 12वां अध्याय सहित मंत्रोच्चार व उसका अर्थ सिखाया गया। ऑनलाइन शिविर में बच्चों को संस्कार सिखाने के साथ ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत और उनकी रुचि से जुड़ी बातें महाराष्ट्र मंडल की समिति द्वारा बताई गईं। समिति की समन्वयक आस्था अभय काले ने बताया कि ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर के समापन के बाद 11 जून को महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में भव्य आयोजन के दौरान रायपुर के बच्चे मंच पर योगासन करके दिखाएंगे। इसके साथ ही मंत्रोच्चार भी उनके मुखवृंद से सुनने को मिलेंगे।

### बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिला

बाल संस्कार शिविर को लेकर महाराष्ट्र मंडल में बच्चों के अभिभावक लगातार अपने फीडबैक दे रहे हैं। इनमें सुवर्णा मयंक पतंगीवार के बताया कि बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिला। शिविर में बच्चों को संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा मिल रही है। भूषण कुलकर्णी ने बताया कि हिंदू संस्कृति का बोध कराने का यह अच्छा माध्यम है। अच्छी बात यह है कि बच्चे महीनेभर क्लास को लेकर एक्साइटेड रहे और स्वयं लॉगइन कर क्लास ज्वाइन करते रहे। लेटेस्ट टॉपिक पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी बच्चों को दी गई। सभी पालकों ने शिविर में भाग लेने से बच्चों में आए बदलाव को बताया।

### पहले दिन रायपुर रायनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच होगी भिड़ंत, 9 बजे से शुरू होगा मैच

# छग प्रीमियर लीग की शुरुआत आज से, स्टेडियम जाने मिलेगी निशुल्क बस, सिंगर शाल्मली खोलगड़े की लाइव प्रस्तुति भी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहीद वीरनारायण अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आज से छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग, सीसीपीएल के दूसरे सीजन की धमाकेदार शुरुआत होने जा रही है। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड की मशहूर सिंगर शाल्मली खोलगड़े अपने हिट गीतों की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में शाल्मली के लोकप्रिय गीत मैं परेशान, बलम पिचकारी, शुद्ध देसी रोमांस, लत लग गई और शनिवार राती जैसे हिट गाने शामिल हैं, जिन्हें वे उद्घाटन समारोह में प्रस्तुत करेंगी। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें कलाकार मनमोहक प्रस्तुति देंगे। स्टेडियम में दर्शकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ की ओर से शहर के विभिन्न हिस्सों से शाम 5 बजे से स्टेडियम तक निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई गई है। उद्घाटन मुकाबला रायपुर रायनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच होगा, जिसे देखने के लिए बीसीसीआई के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।



### कैच पकड़ने वाले दर्शकों को आकर्षक इनाम

पिछले साल की तरह सीसीपीएल इस बार भी क्रिकेट प्रेमियों के लिए और भी खास होने वाला है। दर्शकों के लिए सामान्य स्टैंड में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा। साथ ही क्रिकेट संघ ने एक नई पहल करते हुए हर मैच के लिए प्रतिदिन 500 वीआईपी टिकट भी निशुल्क देने का फैसला किया है। वीआईपी टिकट धारकों को बेहतर सीटिंग, भोजन और विशेष सुविधाओं के साथ मैच देखने का मौका मिलेगा। वहीं मैच में कैच पकड़ने वाले दर्शकों को पिछले साल की तरह आकर्षक इनाम भी दिए जाएंगे।



### इन्हें मिलेगा वीआईपी टिकट

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य दर्शकों को बेहतर अनुभव देना और उनके खेल प्रेम को सम्मानित करना है। वीआईपी टिकट पाने के लिए दर्शकों को '**ccplchhattisgarh**' मोबाइल एप पर जाकर अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा। वहां से वे इच्छित तिथि का टिकट बुक कर सकते हैं। प्रतिदिन पहले 500 दर्शकों को यह टिकट निशुल्क मिलेगा। एक व्यक्ति अधिकतम दो टिकट ही प्राप्त कर सकेगा। टिकट बुकिंग के बाद प्राप्त क्यूआर कोड के माध्यम से दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा।

### मैच में ये रहेगा खास

इस वर्ष लीग में पहली बार डिसीजन रिव्यू सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खिलाड़ी अंपायर के निर्णय को चुनौती दे सकेंगे। लीग के सभी मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। इस संस्करण में सभी कमेंटेटर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होंगे और मैचों के सीधे प्रसारण को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए संघ द्वारा अनुभवी व प्रसिद्ध कमेंटेटरों की टीम उपलब्ध रहेगी। लीग के मैचों का लाइव स्कोर, पॉइंट टेबल, लीडरबोर्ड, फिक्स्चर तथा लीग से संबंधित अन्य सभी जानकारियों के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग वेबसाइट तथा मोबाइल एप भी उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त, संघ के विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों पर भी लगातार जानकारियां उपलब्ध होंगी। सीसीपीएल के इस संस्करण में अंपायरिंग के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए बीसीसीआई पैनल के अंपायरों की नियुक्ति की गई है।

## मैराथन व साइकिल रैली भी

विश्व पर्यावरण दिवस पर शहरभर में लोग पेड़ लगाने,



प्लास्टिक हटाने एक-दूसरे को जागरूक करते दिखे। इसी कड़ी में गुरुवार सुबह 6 बजे मरीन ड्राइव तालाब के पास सैकड़ों की संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, आम नागरिक मैराथन में भाग लेने पहुंचे। श्री दावड़ा विश्वविद्यालय, ग्रीन आर्मी संस्था एवं भावसार फाउंडेशन, मैट्स यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में मैराथन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## तालाब संरक्षण व प्लास्टिक मुक्त का प्रण

ग्रीन आर्मी संस्था के अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने बताया कि



शहर के 10 तालाबों को स्वच्छ बनाने, जलभराव के प्रयास और अतिक्रमण जैसी समस्याओं से मुक्त कराने शपथ ली गई। वहीं शहर के 10 से अधिक प्रमुख गार्डन में स्वच्छता व हरियाली लाने, सार्वजनिक भवनों में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित कराने व दोना-पत्तल का उपयोग करने के प्रति जागरूकता शपथ ली।

## कैंपस में रोपे आम के 50 पौधे

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की एनएसएस टीम, नगर



निगम टीम एवं ग्रीन आर्मी डीडीनगर जोन ने कैंपस के ज्ञान सरोवर के किनारे 50 आम के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला, एनएसएस के अधिकारी, नगर निगम की टीम एवं ग्रीन आर्मी डीडीनगर की पूरी टीम उपस्थित रही।

## पोस्टर पेंटिंग से दिखाए प्रकृति के विविध रूप

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण



दिवस पर पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग केटेगरी में करीब 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता न्यू सर्किट हाउस कन्वेन्शन हॉल में हुई। प्रतियोगिता का विषय प्लास्टिक प्रदूषण-दुष्प्रभाव और समाधान रखा गया। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों ने बताया कि मण्डल द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैले का करें उपयोग

सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर



सफायर ग्रीन के निवासियों को 53 कपड़े के थैले वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य हमारे समुदाय में संधारणीय जीवन को बढ़ावा देना और प्लास्टिक के उपयोग को कम करना है। यह कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस की वैश्विक थीम के अनुरूप है। संस्था के चेयरमैन जीके भटनागर, सुनीता चौधरी संस्था की स्वयंसेवक सफायर ग्रीन निवासी महिलाओं को कपड़े के थैले वितरित किए और सभी से कपड़े के थैलों का उपयोग करने व प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील की।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर निजी और सरकारी संस्थाओं ने किए विभिन्न कार्यक्रम

# पर्यावरण बचाने मैराथन, प्लास्टिक मुक्त-ग्रीन सिटी का मैसेज देने लगाई दौड़, रोपे गए पौधे

**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर की अलग-अलग निजी व सरकारी संस्थाओं ने पर्यावरण बचाने संदेश दिया। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, ग्रीन आर्मी, पं. रविशंकर शुक्ल एनएसएस संस्था, सुधा सोसाइटी फाउंडेशन, मैट्स यूनिवर्सिटी, श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी व अनेकों संस्थानों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों, युवा व सीनियर सिटीजंस ने अपने आसपास की खाली जगहों पर पौधे रोपने, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने जैसे कई जन जागरूकता कार्यक्रम पूरे दिन अलग-अलग जगहों पर पूरे शहरभर में आयोजित किए।**

**रायपुर।** इस अवसर पर व्यापक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन को लेकर जन जागरूकता अभियान देखने को मिला। इसी कड़ी में सुबह 5 बजे मरीन ड्राइव पर मैराथन में पहुंचे सभी लोग पर्यावरण संरक्षण व स्वयं की हिस्सेदारी को लेकर जागरूक नजर आए। इसके अलावा जमीनी स्तर पर खुद के सदस्य ग्रीन सिटी को लेकर कार्य कर रहे हैं। इसके चलते विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर की अलग-अलग संस्थाएं प्रयास करती दिख रही हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर युवा व नागरिकों ने अपने आसपास की खाली जगहों पर पौधे रोपने का कार्य किया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने जैसे कई जन जागरूक कार्यक्रम किए। अब देखना होगा कि इन संस्थाओं द्वारा रोपे गए पौधों में से कितने पेड़ बन पाते हैं और आम लोगों में कितनी जागरूकता पर्यावरण संरक्षण को लेकर आ पाती है।





### आयुष विश्वविद्यालय में पौधारोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय रायपुर में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ द्वारा पौधारोपण किया गया। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के प्रांत सचिव डॉ. पीयूष भार्गव, विश्वविद्यालय के कुलपति एवं छत्तीसगढ़ एनएमओ के पालक डॉ. पीके पात्रा ने पौधारोपण किया। अवसर पर छत्तीसगढ़ एनएमओ के उपाध्यक्ष डॉ. पीके खोडियार भी उपस्थित रहे एवं पौधारोपण किया। इस अवसर पर डॉ. चटर्जी, डॉ. अजितेश मिश्रा, डॉ. सुप्रवा पटेल, डॉ. नेहा सर्जल, सतीश पांडे एवं अन्य चिकित्सा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने माय भारत पोर्टल



पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देश में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों से युवाओं को जोड़ने माय भारत पोर्टल प्रारंभ किया गया है। विशेषकर युवाओं के लिए तैयार किये गए इस पोर्टल पर रजिस्टर करने पर युवाओं को भारत सरकार की तरफ से प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है। पोर्टल के माध्यम से युवाओं को अपने शहर में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी मिलेगी और वे अपनी रूचि के अनुरूप कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता देकर विकसित भारत की आधारशिला माय भारत पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके लिए युवाओं को अपना नाम और मोबाइल नम्बर दर्ज करना होगा। ओ.टी.पी. कन्फर्मेशन के साथ ही युवा को भारत सरकार का प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। इस पोर्टल के माध्यम से युवा फायर सर्विसेस, अस्पताल, पुलिस जैसे कई आपातकालीन सेवाओं के लिए स्वयं को सिविल डिफेंस वॉलिंटियर के तौर पर भी रजिस्टर कर सकते हैं।

### प्रगति ग्रीन संस्था ने किया सीड्स बॉल का निर्माण



5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रगति ग्रीन संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में पंडरी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छोटे बच्चों को साथ लेकर नीम, जामुन, बेर, ईमली, अमलतास आदि के लगभग 1200 बीजों को गोबर एवं मिट्टी से मिलाकर सूखे सीड बॉल्स का निर्माण किया गया, जिन्हें वर्षाऋतु में शासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर गीली मिट्टी में मिला दिया जाएगा। प्रमुख रूप से पार्षद मोहन साहू, अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, विनय साहू, पिन्टू जंघेल, रितु सेलट, सुष्मिता गर्ग, विजय साहू इत्यादि उपस्थित थे।

### शुद्ध हवा के लिए कैट ने किया पौधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैट की प्रदेश इकाई ने ईएसी कालोनी में पौधारोपण किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया



कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग-अलग प्रजाति के पौधे रोपित किये गये हैं, जिससे कि आने वाले दिनों में लोगों को शुद्ध आब ओ हवा मिल सके और शहर को सुंदर बनाया जा सके। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने कहा कि पेड़ों को धरती पर ऑक्सीजन का इकलौता एवं श्रेष्ठ स्त्रोत माना जाता है। जब तक पर्यावरण में ऑक्सीजन नहीं होगी, तो किसी भी प्लांट में जरूरत के लिए ऑक्सीजन का उत्पादन करना मुश्किल काम है, इसलिए बहुत जरूरी है कि हम पौधों को लगाने पर जोर दें। पौधारोपण के कार्यक्रम में कैट के प्रदेश एक्जिक्यूटिव चेयरमैन जितेंद्र दोषी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंदजैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, कैलाश खेमानी, कन्हैया गुप्ता, प्रीतपाल सिंह बग्गा, शंकर बजाज, विजय जैन, नागेन्द्र तिवारी, गोल्डी जैन, शैलेन्द्र सिंह, अमित गुप्ता, बीएस परिहार, प्रकाश माखीजा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता



डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरित वातावरण को बढ़ावा देना रहा। चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के नेतृत्व में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण अत्यंत आवश्यक है। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे ने लोगों को संकल्प दिलाया कि जिन पौधों का रोपण वे सभी मिलकर कर रहे हैं।

### जोरा स्कूल में मनाया पर्यावरण दिवस



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धरसींवा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला जोरा में 5 जून को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों, प्रधान पाठक, शिक्षकों तथा हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था के सहयोग से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठक सुमन सिंह, शिक्षिका पद्मा सूर्यवंशी, संगीता साहू, सरस्वती ध्रुव तथा हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था के प्रतिनिधि राकेश कुमार सोनवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृष्ण मित्र फाउंडेशन के



पदाधिकारियों ने सरजूबांधा श्मशानघाट टिकरापारा में पौधारोपण किया। समिति के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर में पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। साथ में समिति के 11 सदस्य पूर्व में रोपे गए 400 से अधिक पौधों का देखरेख कर रहे हैं।

### देश में प्रति व्यक्ति पेड़ औसत सिर्फ 28 पेड़

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उर्मिला फाउंडेशन पर्यावरण



संरक्षण और स्थायी भविष्य के लिए भारत के पेड़ अभियान की शुरुआत की और सामूहिक योगदान का आव्हान किया। भारत के पेड़ अभियान में विश्व में प्रति व्यक्ति औसत 422 पेड़ हैं, जबकि भारत में यह औसत सिर्फ 28 है, जो भविष्य में गंभीर चुनौतियों के लिए एक संकेत है।

### नंदन वन, जंगल सफारी में पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नंदन वन जंगल सफारी, नवा



रायपुर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए 50 से अधिक स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने पेड़ रोपे और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने अपील की।

### समर्पण के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह और समर्पण के



साथ मनाया गया। "इंड प्लास्टिक पॉल्यूशन ग्लोबली" थीम पर आधारित यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के तहत संपन्न हुआ। वॉकेथॉन, पोस्टर मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, जागरूकता रैली, प्लास्टिक संग्रहण अभियान, शपथ ग्रहण समारोह और प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट का औद्योगिक भ्रमण जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इन सभी कार्यक्रमों का संचालन डॉ. डीसी झरिया, डॉ. गोविंद पी. गुप्ता और डॉ. कबिता बिस्वास शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

# समूह में बिना बाधा के ध्यान साधना का करें अभ्यास, रोज प्रयास करना जरूरी

**रायपुर।** विपश्यना ध्यान केंद्र की पहल पर किशोरियों के लिए निशुल्क शिविर का शुभारंभ किया गया है। कृतज्ञ साधकों द्वारा स्थापित एवं संचालित धम्म केतु विपश्यना ध्यान केंद्र सिंगारभाठा रायपुर के साथ दुर्ग के प्रयास से निशुल्क ध्यान साधना शिविर 4 जून की रात 8 बजे शुरू की गई। इसमें 15 से 19 वर्षीय किशोरियों को सात दिवसीय विपश्यना ध्यान साधना शिविर से जोड़ने की पहल की जा रही है। इसमें 40 प्रतिभागी ध्यान साधना का हिस्सा



सीताराम साहू ने बताया कि समूह में रहने के बाद भी अगर साधना में अकेले होते हैं तो ध्यान में सफलता तय है। इसके लिए आर्य मौन का कड़ाई से पालन करना जरूरी है।

### अनुभूति से भली-भांति जानना

इन सबके कारण उत्पन्न होते तनाव तथा भावनात्मक उथल-पुथल यही संकेत करते हैं कि उनको जीवन जीने की कला, विपश्यना ध्यान सीखने की जरूरत है। विपश्यना ध्यान तीन चरणों में सिखाया जा रहा है। शील, मन की एकाग्रता एवं अनुभव जनित ज्ञान अर्थात जो सच्चाई अपने बारे में इस क्षण संवेदना के रूप में प्रकट हुई है, उसे अनुभूति से भली-भांति जानना है। इसके लिए प्रतिदिन सुबह 5 बजे उठकर रात 9 बजे तक विभिन्न सत्रों में लगभग आठ घंटे साधना करना होता है। 6 दिनों तक आर्य मौन का पालन करना होता है। इस बीच में कोई भी गतिविधि पढ़ना, खेलना, मोबाइल का उपयोग आदि वर्जित है।

### 8 धर्म सेविकाएं दे रहीं निस्वार्थ सेवा

इसका संचालन सहायक आचार्य निर्मला सिलेकर कर रही हैं। इस आवासीय शिविर में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से आई किशोरियों को समाधि और प्रज्ञा का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में सहयोग के लिए 8 धर्म सेविकाएं निस्वार्थ सेवा दे रही हैं। आयोजन एवं संचालन में सहायक आचार्य आलोक साहू, अजय भागड़ीकर, ट्रस्टी राम प्रसाद सैनी, आशा सैनी, संपन्न चतुर्वेदी, बबीता माखीजा का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। किशोरियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे पढ़ाई, बदलती वैश्विक दृष्टि तथा अपेक्षाओं के कारण अभिभावकों के साथ संवाद में कमी, मादक पदार्थ, इंटरनेट एवं मोबाइल जैसे व्यसनों का आकर्षण।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सेंट्रल जोन और नार्थ जोन ने जीते अपने-अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर/अंडर-23 टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम सेंट्रल जोन ने ईस्ट जोन के विरुद्ध 31 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल जोन ने 4 विकेट पर 127 रन, मनप्रीत कौर गिल ने नॉट आउट 41 रन, कुमुद साहू ने 27 रन और मानश्रीमौर्य ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की राधिका नेताम, तान्या बेरिया एवं रवीना साहू ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 9 विकेट पर 96 रन बनाए। जिसमें रूमा दास ने 27 रन, मानसी उपाध्याय ने 18 रन और राधिका नेताम ने 15 रन बनाएष। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की वीरता चौहान एवं योगिता लहरे ने दो-दो विकेट, मोनिका ढीमर, गरिमा मानिक एवं मनप्रीत कौर गिल ने एक-एक विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 टीम नॉर्थ जोन ने साउथ जोन के विरुद्ध 28 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 5 विकेट पर 114 रन बनाए। जिसमें ईशा भारती देवांगन ने 40 रन और हरप्रीत कौर कलसी ने 37 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की प्रांशु प्रिया, पल्लवी वर्मा और ऐश्वर्या सिंह ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन की टीम 86 रन पर आउट हुई। सृष्टि शर्मा ने 24 रन, मिताली शर्मा, ऐश्वर्या सिंह एवं प्रांशु प्रिया ने 13-13 रन बनाएं। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन दीपमाला मिंज ने तीन विकेट, उर्मिला हरिना ने दो विकेट, प्रतिज्ञा सिंह एवं किरण वर्मा ने एक-एक विकेट लिए।

### क्रिकेट प्रशिक्षण में हुआ दोस्ताना मुकाबला



**दुर्ग।** सनशाइन क्रिकेट एकेडमी द्वारा दुर्ग के नेशनल हाई स्कूल मैदान में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत क्लब के स्थायी प्रशिक्षणार्थियों को दो भागों में बांटकर फ्रेंडली दुर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें आपस में तीन तीन मैच खेलकर अपने प्रदर्शन का कौशल दिखाया। सनशाइन क्रिकेट एकेडमी द्वारा 15 अप्रैल से क्रिकेट का यह नियमित प्रशिक्षण स्थानीय नेशनल हाई स्कूल मैदान पर दिया जा रहा है। जिसमे स्थानीय उभरते हुए खिलाड़ी खेल का लुत्फ उठा रहे है। इसी कड़ी में क्लब के स्थायी प्रशिक्षणार्थियों को दो भाग में बांटकर फ्रेंडली दुर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमे आपस में तीन-तीन मैच खेलकर अपने प्रदर्शन का कौशल दिखाया। जिसने सनशाइन हीटर और सनशाइन ब्लास्टर के बीच फायनल मैच खेला गया। जिसमें पहले सनशाइन ब्लास्टर की टीम बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में 136 बनाकर ऑल आउट हो गई। इनमें नैतिक निर्मलकर ने 26 रन, शार्य ओगरे ने 28 रन, सूर्यांश ने 10 रन और अंकित ने 10 रन बनाए। वही गेंदबाजी करते हुए उमर मिर्ज़ा ने 3 विकेट, दानिश ने 3 विकेट और अंश शर्मा ने 2 विकेट लिए। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए सनशाइन हीटर से 6 विकिट खो कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस प्रकार विजेता घोषित हुए। जिसने लव ने 27 रन, गोयल ने 18 रन, दनेश ने 18 रन और करण ने 15 रन बनाये। पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि दिलीप इंगले, जिला शिक्षण समिति सचिव दुर्ग ने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहने और कड़ी मेहनत करने कि शिक्षा दी। इस आयोजन में फरदीन हुसैन, फैजान, सैय्यद अब्दुल्लाह और सुरेन्द्र साहू सहित अन्य लोगों का योगदान रहा। संचालन मिनहाज ने किया।

### एशियाई रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट राजधानी में जारी



**रायपुर।** राजधानी में इंटरनेशनल टेनिस अकादमी में 30 मई से 7 जून तक आयोजित एशियाई रैंकिंग जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट में भारत, चीन और जापान के कुल 68 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ और छत्तीसगढ़ सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मिलकर आयोजित किया किया जा रहा है। परिणाम में बालक एकल क्वार्टरफाइनल के अंतर्गत नमन बोरा पराजित,आदित्य वाडकर 6-4, 6-2,दैविक कल्वाकुंटा पराजित,हरिहरन महामुनि 6-0 6-1,सुयश पटनायक पराजित,प्रणव गायकवाड़ 6-4 6-3,सत्य पार्थिव चिंतागुंटा पराजित,मानव पटेल 6- 4 6-2,परिणाम गर्ल्स सिंगल्स राउंड ऑफ़ 16,कृषिका गौतम पराजित, ऋतिका देशपांडे 6-1, 6-0,परिणिता वट्टाप्रम्बिल पराजित,नायशा छिल्लर 6-0, 6-4,एस सूर्यवंशी पराजित,सुरमयी साठे 6-1, 6-1,इशिता श्रीयाला पराजित,राजू सानवी 3-6 रिटायर, रिद्धिमा मलिक पराजित,जाह्नवी शॉ 6-1, 3-6, 6-4,सातवी मर्दानिया ने सुमित शुभी को 6-4, 6-4 से हराया,संचयन दास पराजित,राघवी जाजू 6-1, 6-1, एसके शाज़फ़ा पराजित और शरण्या सावंत 6-2 6-2 शामिल हैं।

## अभिजात्य वर्ग में तेजी से बढ़ रहा विटामिन पैच का इस्तेमाल

# सप्लीमेंट पसंद नहीं तो आप इस्तेमाल कर सकते हैं विटामिन पैच, जान लीजिए इसका असर और तरीका

आजकल बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार है। फल, सब्जियां, दूध, अंडे और अनाज भी इससे अछूते नहीं है। सभी में मिलावट और रसायन शामिल हैं, जो शरीर में जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स की पूर्ति ही नहीं होने देते। इस कारण आप और आपके परिवार के अन्य सदस्य बार-बार बीमार पड़ते रहते हैं। बच्चों की नजर कम उम्र में ही कमजोर हो रही है। एनीमिया, थकान, कमजोरी, हड्डियों की समस्याएं, त्वचा रोग और तंत्रिका संबंधी विकार होने लगे हैं। आप डॉक्टर से बात करती हैं। वह शरीर में पोषक तत्वों की कमी को इसका कारण बताते हैं और आपको सप्लीमेंट लेने की सलाह देते हैं। लेकिन बच्चों और आपको सप्लीमेंट लेना पसंद नहीं। ऐसे में आप विटामिन पैच का उपयोग कर सकती हैं।





### बेहतर विकल्प

विटामिन पैच शरीर में विटामिन, कैल्शियम और अन्य मिनरल पहुंचाने का बेहतर माध्यम है। यदि आपके शरीर में विटामिन की कमी जांची गई है और आप डाइट से इस कमी को पूरी नहीं कर पा रही हैं, यानी कि आपका शरीर खाने से पर्याप्त मात्रा में विटामिन अवशोषित नहीं कर पा रहा है तो आपको विटामिन सप्लीमेंट लेने की सलाह दी जाती है। लेकिन सप्लीमेंट्स आपको रास नहीं आते। हफ्ते भर आप इसका सेवन करती हैं और फिर छोड़ देती हैं, जिस वजह से यह कमी ऐसे ही बनी रहती है। ऐसे में आप विटामिन पैच का इस्तेमाल करें। विटामिन पैच के जरिए डाइट में मामूली बदलाव करने के साथ ही शरीर में पोषक तत्वों की पूर्ति की जा सकती है।



# घर में लगाने जा रहे हैं तुलसी का पौधा तो जान लें वास्तु के ये नियम

तुलसी के पौधे को घर में लगाने के कुछ वास्तु नियम हैं, जिसका पालन करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी के पौधे को माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। आइए तुलसी के पौधे के इन नियमों के बारे में जानते हैं। तुलसी का पौधा हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार भी इसका विशेष महत्व है, क्योंकि इसे घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि लाने वाला माना जाता है। इसे साक्षात माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है, इसलिए इसकी सही दिशा और देखभाल घर में सुख-शांति लाती है। वास्तु के नियमानुसार, तुलसी के पौधे को हमेशा साफ-सुथरा रखें और इसके पास कभी भी झाड़, जूते या कूड़ादान नहीं रखना चाहिए। साथ ही तुलसी के पौधे को सही दिशा और सही तरीके से लगाना जरूरी है, ताकि इसके पूरे लाभ मिल सकें। आइए जानते हैं वास्तु के वो नियम, जो तुलसी के पौधे को घर में लगाते समय ध्यान में रखने चाहिए।



### सही दिशा का चयन करें

वास्तु शास्त्र के अनुसार, तुलसी का पौधा घर की उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना सबसे शुभ माना जाता है। यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र है और इसे ईशान कोण कहा जाता है। इस दिशा में तुलसी लगाने से घर में सुख-समृद्धि आती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। अगर उत्तर-पूर्व दिशा में जगह न हो, तो पूर्व दिशा भी एक अच्छा विकल्प है।

### तुलसी के पौधे की देखभाल

वास्तु के अनुसार, तुलसी का पौधा हमेशा साफ और स्वस्थ होना चाहिए। मुरझाया हुआ या सूखा पौधा नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। इसलिए, नियमित रूप से पौधे की देखभाल करें, उसे पानी दें और सूखे पत्तों को हटाएं। तुलसी को गमले में लगाएं और इसे जमीन से थोड़ा ऊंचा रखें, ताकि यह आसानी से सूर्य की रोशनी प्राप्त कर सके।

### तुलसी की पूजा और वास्तु नियम

वास्तु शास्त्र के अनुसार, तुलसी की पूजा रोजाना करनी चाहिए। सुबह स्नान के बाद तुलसी को जल अर्पित करें और घी का दीपक जलाएं। ₹ॐ नमो भगवते वासुदेवाय₹ मंत्र का जाप करते हुए परिक्रमा करें।

### एकादशी तिथि न करें ये काम

रविवार और एकादशी तिथि को तुलसी के पत्ते तोड़ने से बचें, क्योंकि यह अशुभ माना जाता है। वास्तु में यह भी सलाह दी जाती है कि तुलसी के पौधे को घर की मुख्य दहलीज से दूर रखें, ताकि ऊर्जा का प्रवाह बाधित न हो।

# घर पर तैयार करें चीज, कम खर्च में पा लेंगे सेहत का खजाना



आजकल के युवाओं में चीज को लेकर काफी क्रेज है। बाजार में मिलने वाले पिज्जा से लेकर घर पर पर बनने वाले पराठे तक में लोग चीज का इस्तेमाल करके उसका स्वाद बढ़ा लेते हैं। दूध से बनने वाला ये चीज खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। इसके इस्तेमाल से कई पकवान बनते हैं, जो बड़ों से लेकर बच्चों तक को काफी पसंद आते हैं।

बाजार में मिलने वाला चीज काफी महंगा आता है, इसलिए लोग इसे ज्यादा नहीं खरीद पाते। इसमें कई प्रकार के केमिकल्स भी मिले होते हैं, जो स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इसी के चलते आज हम आपको यहां घर पर ही चीज बनाने का आसान तरीका बताएंगे, ताकि आप कम पैसे में ज्यादा और फ्रेश चीज तैयार कर सकें। घर पर चीज बनाने के सामान में दूध 1 लीटर (फुल क्रीम) सिरका या नींबू का रस होना चाहिए।

### चीज बनाने की विधि

घर पर चीज बनाना चाहते हैं तो पहले ये ध्यान दे लें कि इसे बनाने के लिए जो दूध खरीदें वो फुल क्रीम हों। यदि दूध फुल क्रीम नहीं होगा तो चीज ज्यादा अच्छा नहीं बनेगा। अब दूध लेने के बाद उसे मध्यम आंच पर गर्म करें। एक गहरे बर्तन में दूध को मध्यम आंच पर गरम करें। जब दूध में उबाल आने लगे तो गैस को एक दम धीमा कर दें। धीमी गैस पर अब धीरे-धीरे सिरका या नींबू का रस डालते जाएं और चम्मच से दूध चलाते रहें। सिरका या नींबू डालते समय आपको दूध को को लगातार चलाना है। इसके इस्तेमाल से कुछ ही देर में दूध फटने लगेगा, जिसके बाद छेना और पानी अलग हो जाएगा। इसे एक मलमल के कपड़े में बांधकर निचोड़ लें। जब इसका पानी सही से सूख जाए तो एक बाउल में गर्म पानी लें और इसमें 1 चम्मच नमक डालें। इसके बाद 2-3 मिनट के लिए इसे गर्म पानी में रखें।



# महिलाएं रोज करें अलग-अलग तरह की वॉक सेहत रहेगी दुरुस्त और तेजी से घटेगा मोटापा

महिलाओं को सेहतमंद रहने के लिए हेल्दी रूटीन को अपनाना चाहिए। अक्सर महिलाओं को शिकायत रहती है कि घर के काम और बाहर की जिम्मेदारियों के बीच, फिटनेस के लिए टाइम ही नहीं मिल पाता है। लेकिन, असल में आपको फिटनेस के लिए बहुत वक्त नहीं निकालना है। दिनभर के कामों के बीच थोड़ा ध्यान भी अगर आप अपनी सेहत पर देंगी और रूटीन में कुछ खास चीजों को शामिल करेंगी, तो वजन भी मेंटेन रहेगा और सेहत भी दुरुस्त होगी। क्या आपको पता है कि महिलाओं को रोजाना 3 तरह की वॉक जरूर करनी चाहिए। इससे सेहत को कई फायदे मिल सकते हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि महिलाओं को रोजाना कम से कम 1000 कदम जरूर चलना चाहिए।आप सुबह,शाम या रात में किसी भी समय वॉक जरूर करें।लंच के बाद या डिनर के बाद वॉक करना भी फायदेमंद रहता है।इससे वजन कम होता है, हार्ट हेल्थ दुरुस्त होती है और शरीर भी एक्टिव रहता है।डेली वॉक करने से दिल की बीमारियों को जोखिम भी कम होता है।रोजाना वॉक करने से डाइजेशन भी दुरुस्त रहता है और नींद अच्छी आती है।इससे इम्यूनिटी में भी सुधार होती है और चेहरे पर निखार आता है।



### मलासन में वॉक करें

मलासन में वॉक करना भी महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद रहता है।इसके लिए सबसे पहले सीधी खड़ी हो जाएं।अब दोनों पैरों को एक-दूसरे से थोड़ा दूर रखें।स्क्वाट की पोजिशन में आ जाएं।आपको घुटनों को मोड़कर हिप्स की जमीन की तरफ लाना है।इस समय पर बैकबोन को एकदम सीधा रखें।अब इस पोजिशन को होल्ड करें।आप दोनों हाथों को जोड़कर प्रणाम करने वाली पोजिशन में ला सकती हैं।इसके बाद इसी पोजिशन में एक पैर को और फिर दूसरे पैर को आगे बढ़ाएं।अब इसी तरह कुछ देर चलने की कोशिश करें।मलासन में वॉक करने से कब्ज दूर होती है और पेट रोज सुबह आसानी से साफ होता है।रोजाना ऐसा करने से बेली फैट भी धीरे-धीरे कम होता जाएगा।इससे पेल्विक मसल्स मजबूत होती हैं और पीरियड्स के दिनों में होने वाली मुश्किलें भी दूर होती हैं। ब्रिस्क वॉकिंग काफी फायदेमंद होती है। अगर आप रोजाना 20 मिनट वॉक करती हैं, तो इससे कैलोरीज तेजी से बर्न होती हैं। ब्रिस्क वॉक में आपको तेजी से चलना होता ताकि शरीर के सभी अंगों में स्ट्रेच पैदा हो सके।,इसे करते वक्त स्पोर्ट्स शूज जरूर पहनें और अपनी वॉक करने की स्पीड को धीरे-धीरे बढ़ाएं। तेजी से चलने से वजन कम होता है। इससे स्ट्रेस कम होता है और बीपी कंट्रोल में रहता है। यह हड्डियों को मजबूत करता है। इससे पीठ दर्द भी कम होता है।

### कितने कदम चलना है जरूरी?

महिलाओं को हेल्दी डाइट और एक्सरसाइज के साथ, वॉकिंग को भी अपने रूटीन में शामिल करना चाहिए। अगर आप एक्सरसाइज करने का वक्त नहीं निकाल पा रही हैं, तो कम से कम वॉक करने को बिल्कुल स्किप न करें। एक्सपर्ट के मुताबिक, रोजाना 2000 कदम चलना सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

### राष्ट्रीय ओपन स्टैण्ड बॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम घोषित

**रायपुर।** आगामी 5 और 6 जुलाई को मथुरा में होने वाले राष्ट्रीय ओपन स्टैण्ड बॉल चैंपियनशिप के लिए बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर में चयन प्रक्रिया पूरी की गई। जिसमें टीम के कप्तान लव सिंह और वासुदेव के साथ महिला दल की कमान तनाज को सौंपी गई। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जाविद अली ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में कुल 40 खिलाड़ी उपस्थित थे। जिसमें 15 महिला खिलाड़ी शामिल थी। चयनकर्ता के रूप में डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के डीन डॉ शंकर यादव, बिलासा कन्या महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुरेश पवार, फेडरेशन की कोषाध्यक्ष डॉ शाज़िया अली, कोच मनीष मुखर्जी की उपस्थिति में चयन किया गया है।















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### गोलियों से छलनी मिली हॉलीवुड एक्टर की लाश, पड़ोसी से हुई थी अनबन

हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली




मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है।

59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार एक जून की शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान 37 साल के सिगफ्रेडो अल्वारेज-सेगा के रूप में हुई है। फायरिंग के बाद वो अपनी गाड़ी से फरार हो गया, लेकिन कुछ ही दूरी पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अब उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी जमानत राशि दो लाख डॉलर यानी करीब 1 करोड़ 70 लाख तय की गई है। जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और जोनाथन को बचाने की हर कोशिश की गई, लेकिन गहरी चोटों के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। चश्मदीदों का कहना है कि दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, हालांकि गोली चलाने की असल वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। बता दें जोनाथन जोस का करियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।

## टॉलीवुड

### कमल हासन को हाईकोर्ट से झटका कर्नाटक में रिलीज नहीं होगी 'ठग लाइफ'

कन्नड़ भाषा को लेकर दिए गए कमल हासन के बयान पर अब मामला बढ़ता जा रहा है। अपने बयान पर माफी न मांगना कमल हासन को महंगा साबित हुआ है।



जिसका खामियाजा उनकी आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' को उठाना पड़ा है। फिल्म 'ठग लाइफ' 5 जून को कर्नाटक में रिलीज नहीं हुई। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक फिल्म के कर्नाटक में रिलीज पर रोक लगा दी है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आज कहा कि कमल हासन के कन्नड़ भाषा पर दिए गए बयान से राज्य में अशांति फैल गई है। कर्नाटक में फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज के लिए सुरक्षा की मांग करने वाले अभिनेता की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह टिप्पणी की और सुनवाई 10 जून तक के लिए स्थगित कर दी। ऐसे में अब फिल्म फिलहाल 10 जून तक कर्नाटक में रिलीज नहीं हो सकेगी। फिल्म पहले 5 जून को रिलीज होने वाली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कमल हासन ने कर्नाटक में 'ठग लाइफ' की रिलीज को रोकने पर सहमति जताई। कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप वाली कमल हासन की टिप्पणी के बाद हाईकोर्ट ने ये फैसला किया है। अपने बयान पर माफी मांगने से इंकार करते हुए अभिनेता ने कहा कि उनके मन में कोई दुर्भावना नहीं थी और न ही किसी दुर्भावना से उन्होंने वो टिप्पणी की। कमल हासन ने फिल्म चैंबर के साथ बातचीत करने का प्रस्ताव रखा। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की बेंच ने यह फैसला किया है। यह मामला 'ठग लाइफ' के ऑडियो रिलीज के दौरान कमल हासन के दिए गए एक बयान से पैदा हुआ है। लंच से पहले की सुनवाई में हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से कमल हासन को अपने बयान के लिए माफी मांगने को कहा था।

## भोजपुरी

### 'चंद्रकांता' का ट्रेलर देख लोग बोले- बदल रहा भोजपुरी सिनेमा

यश कुमार की नई भोजपुरी फिल्म 'चंद्रकांता' का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में आपको सबकुछ देखने को मिलेगा। सस्पेंस,



रोमांस से लेकर इमोशंस तक, जिसे आप फैमिली के साथ बैठकर देख सकते हैं। फैंस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार एक बार फिर से दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए तैयार हैं। उनकी मोस्ट अवेटेड मूवी 'चंद्रकांता' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर ने आते ही दर्शकों के बीच रोमांच और कौतूहल बढ़ा दिया है। इसमें सस्पेंस, रोमांस, तिलस्म और पारिवारिक भावनाओं का अनोखा संगम दिखाई दे रहा है। फैंस दावा कर रहे हैं कि पहली बार भोजपुरी सिनेमा में इस तरह की कोई फिल्म आ रही है।

फिल्म की कहानी एक रहस्यमयी गांव से शुरू होती है, जहां के जंगल में एक खूबसूरत लेकिन खतरनाक परी (सपना चौहान) रहती है। मान्यता है कि जिसे यह परी देख लेती है, उसकी मौत निश्चित हो जाती है। इसी रहस्य से जुड़ी है यश कुमार के किरदार की कहानी, जिसे परी से बचाने के लिए घर से दूर भेज दिया जाता है। लेकिन जब वह लौटता है और अपनी नई जिंदगी शुरू करता है, तब एक दिन परी को देखने की जिज्ञासा उसे जंगल की ओर ले जाती है और यहीं से शुरू होता है फिल्म का असली तिलिस्मी रोमांच।

---

## समर में लिनन



लाइफ स्टाइल

लिनन कॉटन से बना फैब्रिक बहुत हल्का होता है। इसलिए समर में इसे पहनने से आपको ज्यादा गर्मी महसूस नहीं होगी साथ यह भी कॉटन की तरह ही पसीना सोखने में भी असरदार भी होता है। जिससे बॉडी में घमौरी, दाने जैसी परेशानी नहीं होती है। इन वजहों से समर में लिनन की काफी डिमांड रहती है।

# बालों को ऐसे स्टाइल करेंगी तो गर्मी से बची रहेंगी आप, इस मौसम में मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम में हर लड़की के सामने एक बड़ी मुश्किल होती है कि अपने बालों को कैसे स्टाइल करें। उन्हें अक्सर ये समझ नहीं आता कि वो अपने बालों को किस तरह से स्टाइल करें, जिससे उनका लुक भी अच्छा दिखे और उन्हें गर्मी भी न लगे। यहां हम आपकी इसी परेशानी का हल लेकर आए हैं। हम आपको बताएंगे और दिखाएंगे कुछ ऐसी आसान हेयर स्टाइल, जिसको आप आसानी से अपने बालों में बना सकते हैं। खास बात ये है कि इसके लिए आपको कुछ मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### ब्रेड विद एक्सेसरीज

यदि आपको कहीं जाना है तो सिंपल की स्लीक ब्रेड यानी कि चोटी बनाकर उसमें खूबसूरत की हेयर एक्सेसरीज एड करें। जैसे आजकल बारिश का मौसम है, तो आप तितली वाली ऐसी ही एक्सेसरीज अपनी चोटी में एड कर सकती हैं। चाहें तो इसी चोटी से आप बन भी तैयार कर सकती हैं।

### स्लीक बन

युवा लड़कियों को ऐसा स्लीक बन काफी पसंद आता है। ऐसे में आप इस तरह का स्लीक बन भी गर्मी के मौसम में बना सकती हैं। ऐसा स्लीक बन वेस्टर्न आउटफिट पर काफी कमाल का लगता है। इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### बन विद गजरा

यदि किसी पूजा-पाठ या फिर शादी-विवाह में जाना है तो स्लीक बन बनाकर उसमें गजरा एड करें। गजरे की वजह से खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। अगर ये गजरा असली फूलों का होगा, तब ज्यादा अच्छा रहेगा। इसमें से खुशबू भी आएगी, जो आपकी खूबसूरती को बढ़ा देगी। ऐसी हेयर स्टाइल के साथ यदि एथनिक वियर पहना है, तो माथे पर बिंदी अवश्य लगाएं।

# इस बकरीद फैशन का बिखेरें जलवा, पहनें ट्रेंडी आउटफिट



इस्लाम धर्म के लोगों के लिए ईद उल अजहा का त्योहार काफी अहम माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, ईद उल अजहा जिल हिज्जा महीने की 10वीं तारीख को मनाई जाती है। इस साल 7 जून को बकरीद मनाई जाएगी। ऐसे में इसकी तैयारी भी काफी दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। इस दिन लोग अल्लाह की इबादत करके दुआएं मांगते हैं।



बहुत से लोग इस दिन बकरे की कुर्बानी देते हैं, जिसे कुर्बानी के बाद गरीबों में बांटकर उनकी भूख मिटाई जाती है। कुर्बानी देने के कारण ईद उल अजहा को बकरीद भी कहा जाता है। ये दिन काफी खास होता है, इसलिए लोग नए-नए कपड़े भी पहनते हैं। हम यहां इस लेख में आपको महिलाओं के लिए कपड़ों के कुछ विकल्प दिखाएंगे, जिसे पहनकर वो स्टाइलिश के साथ खूबसूरत भी दिखेंगी।

### पहनें पारंपरिक सूट

यदि आप इस बरकीद पर अपना पारंपरिक अंदाज दिखाना चाहती हैं तो कुछ और पहनने की जगह चूड़ीदार पाजयामी वाला सूट कैरी करें। यदि आप सारा अली खान के जैसा टिश्यू फैब्रिक का सूट कैरी करेंगी, तो आपका अंदाज काफी खूबसूरत दिखेगा। इसके साथ मैचिंग की ज्वेलरी पहनकर अपना लुक कंप्लीट करें, ताकि हर कोई आपको देखकर आपकी तारीफ किए बिना रह नहीं पाए।

### गरारा सूट भी लगेगा क्लासी

सबसे पहले आपके लिए ये जानना जरूरी है कि गरारा सूट, शरारा से काफी अलग होता है। गरारा सूत में घुटने तक टाइट फिटिंग होती है, और उसके बाद नीचे घेर होता है। इसलिए ऐसे गरारा सूट को अपने कलेक्शन में शामिल हैं और बकरीद पर इसे ही पहनें। यदि गरारा सूट का रंग डार्क है तो अपना मेकअप भी उसी हिसाब से करें।

### शरारा सूट भी है ट्रेंड में

कुछ ऐसा पहनने का सोच रही हैं, जो आरामदायक भी हो तो शरारा सूट कैरी करें। शरारा सूट देखने में काफी अच्छा लगता है, जिस वजह से इसे आप पूरा दिन पहने रख सकती हैं।

# सनस्क्रीन स्प्रे खरीदने का सोच रहे हैं तो इसके फायदे और नुकसान जान लें

हममे से ज्यादातर लोगों को पास क्रीम के रूप में ही सनस्क्रीन होगी, जिसका इस्तेमाल एक साधारण क्रीम की तरह ही किया जाता है। इसे हाथ में निकालना होता है, और फिर शरीर पर अप्लाई करना होता है। यदि इसे सही तरह से अप्लाई किया जाए तो सूरज की हानिकारक किरणें स्किन को डैमेज नहीं कर सकतीं।

सिर्फ सनस्क्रीन ही है, जो शरीर को सनबर्न और टैनिंग से बचाकर रखती है। इसका इस्तेमाल करना काफी आसान होता है। पर, क्या आप जानते हैं कि अब बाजार में स्प्रे वाली सनस्क्रीन भी मिलने लगी है। जिसे लगाना काफी आसान है। यदि आप भी सनस्क्रीन खरीदने का सोच रहे हैं, तो इसके फायदे और नुकसान जान लें।

### लगाने में काफी आसान

क्रीम सनस्क्रीन हम चेहरे और हाथ-पैर में तो आसानी से लगा लेते हैं, लेकिन पीठ और कमर पर इसे लगाना मुश्किल होता है। ऐसे में यदि आप स्प्रे सनस्क्रीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसे आप आसानी से अप्लाई कर सकते हैं। इसे क्रीम सनस्क्रीन की तुलना में लगाना काफी



आसान होता है।

### ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद

यदि आप स्प्रे सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपकी त्वचा चिपचिपी नहीं होगी। दरअसल, क्रीम वाली सनस्क्रीन त्वचा में चिपचिपाहट पैदा कर देती है। ऐसे में स्प्रे वाली सनस्क्रीन आपकी त्वचा को चिपचिपेपन से बचाकर रखती है।

### जल्दी करती है असर

जहां क्रीम वाली सनस्क्रीन को बाहर जाने से तकरीबन 20 मिनट पहले अप्लाई करना होता है।

# बारिश में भीगने के बाद हो रही खुजली तो ये घरेलू नुस्खे अपनाएं

वैसे तो बारिश का मौसम अपने साथ काफी खुशियां लेकर आता है, लेकिन कई बार इसी मौसम की वजह से काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी होती है उन लोगों को जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है। बारिश के इस मौसम में थोड़ा सा भी भीगने से उनकी त्वचा पर खुजली होने लगती है। यही खुजली आगे जाकर फंगल इंफेक्शन का कारण भी बन जाती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आप अपने घर बैठे ही बिना दवाईयों से इस खुजली से राहत पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस कुछ आसान नुस्खे आजमाने होंगे।

### नीम के पानी से नहाएं

यदि आपके घर के आस-पास कहीं नीम का पेड़ है तो उससे नहाकर आप इस खुजली को दूर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले नीम की पत्तियों को पानी में उबाल लें। अब इस पानी को छानकर ठंडा होने दें। जब ये ठंडा हो जाए तो इसी पानी से नहाएं।



नीम में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण शरीर की खुजली को गायब कर देंगे। चाहें तो नीम के पानी को रुई की मदद से भी शरीर पर लगा सकते हैं। इससे भी आपको तत्काल राहत मिलेगी।

### एलोवेरा जेल लगाएं

यदि आपको इस खुजली से तुरंत राहत चाहिए तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। घर में मौजूद एलोवेरा जेल भी बारिश के गंदे पानी से होने वाली खुजली को दूर करने का काम करेगा।इसके लिए यदि आप ताजा एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करेंगे तो ये आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

## कार्नर न्यूज

## मेंस फैशन में भी बालों की देखभाल एक जरूरी कदम

# अपने बालों को सेहतमंद बनाए रखने उठाएं जरूरी कदम, निखरेगी आपकी पर्सनालिटी

बात मेंस फैशन की हो तो हर कोई डैंड्रफ फ्री और सेहतमंद बाल चाहता है। लेकिन बालों को लेकर कई समस्याएं हैं। अगर आप चाहें तो हर मौसम में इस स्थिति पर नियंत्रण पा सकते हैं और उन कई कारणों को कम कर सकते हैं, जो आपके बालों को खराब करते हैं और आपको डैंड्रफ की ओर ले जाते हैं। और सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें से अधिकतर उपाय न केवल आसान हैं, बल्कि इनमें बहुत कम समय भी लगता है।

### हॉट ऑयल मसाज

नारियल का तेल आपकी त्वचा और बालों से संबंधित लगभग सभी समस्याओं से निपटने का एक शानदार तरीका है। हालांकि, जब बात आपके बालों और सिर की त्वचा को फिर से जीवंत करने की आती है, तो यह बिल्कुल नए स्तर पर काम करता है। नारियल तेल की गर्म मालिश न केवल आपके स्कैल्प को नमी बनाए रखने में मदद करती है, बल्कि यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में भी बहुत प्रभावी है, जो बदले में न केवल आराम देता है,



बल्कि आपकी स्किन को भी एक अच्छी वाइब देता है।

### गर्म पानी से स्नान

हम जानते हैं कि ज्यादातर लोग सर्दियों में नियमित रूप से नहाने से बचते हैं, वहीं गर्मियों में कई-कई बार नहा लेते हैं। हालांकि मौसम की परवाह किए बिना रोज नहाना आपके लिए बहुत फायदेमंद है। आप जो कर सकते हैं, वह है पानी का तापमान नियंत्रित करना। गर्म पानी या बर्फीले ठंडे पानी से स्नान करने के बजाय, पानी को सही तापमान पर सेट करने का प्रयास करें। यह न केवल आपके बालों में दिन भर जमा होने वाली अधिकांश धूल और मिट्टी को धो देता है, बल्कि यह आपकी स्किन को अधिक ब्लड सर्कुलेशन की सुविधा प्रदान करता है। और चूंकि हर दिन अपने बालों को शैम्पू या कंडीशनर करना संभव नहीं है, इसलिए नहाने से आपके बाल साफ और चमकदार बने रहते हैं।

### भाप

पुरुषों के लिए ये थोड़ा अपरंपरागत तरीका है, लेकिन जनाब स्टीम वास्तव में आपकी



खोपड़ी और बालों के लिए बहुत फायदेमंद है, अगर आप इसे सही तरीके से करते हैं। स्टीमिंग डैमेज बालों को फिर से जीवंत और ठीक करने का एक शानदार तरीका है, और यह उनमें नमी बनाए रखने में मदद करता है। बस सुनिश्चित करें कि आपके पास स्टीम को नियंत्रित करने का एक तरीका है और इसके अधिकतम प्रभाव के लिए आपने पहले अपने बालों पर तेल अवश्य लगाएं।

### शैम्पू + कंडीशनर

मौसम के मिजाज को देखते हुए शैंपू करना छोड़ना बहुत बुरा विचार है। शैंपू करने से न केवल बालों को अच्छी तरह से साफ किया जाता है, बल्कि उन्हें पोषण भी मिलता है। बस इसके लिए जरूरी है कि आप सही शैंपू चुनें। शैंपू करने से आपके स्कैल्प को मॉइस्चराइज करने में भी मदद मिल सकती है। बालों के लिए भी शैंपू का मसाज बहुत अच्छा होता है। जब आप शैंपू कर रहे हों, तो कंडीशनर का भी उपयोग करना न भूलें।